RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

श्रीकंचनपथ

साझा करें अपने मित्रों से

सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल

वर्ष- 13, अंक - 275 | श्रीकंचनपथ ONLINE | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, शुक्रवार 22 जुलाई 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

हरेली तिहार पर राज्य के गौठानों में होगी पारंपरिक कार्यक्रमों की धूम

गेड़ी दौड़, फुगड़ी ,भौंरा, रस्साकसी आदि की होंगी स्पर्धाएं

चीला, बड़ा, सोहारी, गुलगुला भजिया जैसे छत्तीसगढ़ी व्यंजनों से महकेंगे गोठान

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। हरेली-तिहार छत्तीसगढ़ राज्य का पहला त्यौहार है, जो छत्तीसगढ़ की ग्रामीण कृषि संस्कृति, परंपरा एवं आस्था से जुड़ा हुआ है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप राज्य के तीज-त्यौहार, परंपरा एवं संस्कृति को आगे बढ़ाने की पहल के चलते हरेली सहित अन्य तिहार जैसे पोला-तीजा, छेर-छेरा पुन्नी आदि का आयोजन बीते तीन सालों से बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। इसका उद्देश्य लोगों को अपनी परंपरा और संस्कृति से जोड़ना है, ताकि लोग छत्तीसगढ़ की समृद्ध कला-संस्कृति, तीज-त्यौहार एवं परंपराओं पर गर्व की अनुभूति कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ी तीज-त्यौहारों पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा भी इसी उद्देश्य की पूर्ति का एक हिस्सा ताकि लोग छत्तीसगढ़ी तीज-त्यौहारों के अवसर पर अपनी बढ़-चढ़कर भागीदार सुनिश्चित कर सकें।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के मंशा अनुरूप कृषि विभाग द्वारा गौठानों में हरेली तिहार के दिन 28 जुलाई को ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर ग्रामीणों के मध्य गेड़ी दौड़, कुर्सी दौड़, फुगड़ी, रस्साकशी, भौंरा, नारियल फेंक आदि की प्रतियोगिताएं तथा छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व्यंजन आदि की भी स्पर्धाएं

होंगी। गोधन न्याय मिशन के प्रबंध संचालक डॉ. अय्याज तम्बोली ने सभी कलेक्टरों, संभागायुक्तों को पत्र लिखकर गौठानों में पारंपरिक कार्यक्रम के साथ ही गौठान प्रबंधन समिति, स्व-सहायता समूह, ग्रामीण जनप्रतिनिधियों से हरेली तिहार के दिन गौठानों में कार्यक्रमों के आयोजन की रूपरेखा के संबंध में चर्चा करने को कहा है। हरेली तिहार के दिन गौठानों में पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण एवं टीकाकरण के लिए विशेष कैम्प का भी आयोजन किया जाएगा। गौठानों में पशुओं को नियमित रूप से भेजने, खुले में चराई पर रोक लगाने तथा पशु रोका-छेका अभियान में सभी ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी को लेकर भी चर्चा की जाएगी। हरेली तिहार के दिन किसानों को भी गौठानों में विशेष रूप आमंत्रित कर खेती-किसानी के संबंध में उन्हें समसामायिक सलाह देने के साथ ही उन्हें वर्मी कम्पोस्ट का खेती में उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। गौठानों के प्रबंधन, क्रय किए गए गोबर, उत्पादित वर्मी कंपोस्ट के रखरखाव सुरक्षा को लेकर भी चर्चा की जाएगी तथा गौठानों में गोबर, वर्मी कम्पोस्ट आदि के सुरक्षित रख-रखाव के लिए छायादार चबूतरा, तिरपाल आदि के प्रबंध की पहल की जाएगी। हरेली तिहार के मौके पर जनप्रतिनिधियों, गौठान प्रबंधन समिति के सदस्यों, स्व-सहायता समूह की महिलाओं एवं ग्रामीणों द्वारा फलदार, छायादार पौधों विशेषकर कदम का रोपण किए जाए।

गौरतलब है कि राज्य की महत्वकांक्षी सुराजी गांव योजना अंतर्गत नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी का संरक्षण व संवर्धन किया जा रहा है। इसके गरवा कार्यक्रम के तहत राज्य 10624 गौठानों की निर्माण की स्वीकृति दी गई जिसमें से 8408 गौठान निर्मित एवं संचालित हैं। इन गौठानों में 20 जुलाई 2020 हरेली पर्व से 2 रूपए किलो दर से गोबर की खरीदी की शुरूआत गोधन न्याय योजना के तहत की गई थी।

खास खबर

नवनिर्वाचित राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को सीएम बघेल ने दी बधाई और शुभकामनाएं

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को देश की 15वीं राष्ट्रपति निर्वाचित होने पर छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्वीट के माध्यम से नवनिर्वाचित राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू को बधाई देते हुए कहा है कि भारत गणराज्य के संवैधानिक संरक्षक के रूप में आपके हाथों में देश के नागरिकों के लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का गौरवशाली इतिहास सुरक्षित रहेगा।

दूसरे दिन भी 21 हजार से ज्यादा नए कोविड केस, केरल में मिला अफ्रीकी स्वाइन फीवर

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश में लगातार दूसरे दिन भी 21 हजार से ज्यादा नए कोरोना मामले दर्ज हुए हैं। उधर, केरल के वायनाड जिले में अफ्रीकन स्वाइन फीवर ने चिंता बढ़ा दी है। केरल पहले से कोरोना मामलों में अव्वल है। हाल ही में राज्य में मंकीपॉक्स का भी पहला मामला सामने आया था। शुक्रवार सुबह अपडेट आंकड़ों के अनुसार देश में बीते 24 घंटे में नए केस बढ़ने के साथ ही मौतें भी बढ़ीं और 60 लोगों ने दम तोड़ दिया। देश में पिछले 24 घंटों में कोविड-19 के 21,880 नए मामले सामने आए हैं, 21,219 लोग डिस्चार्ज हुए और कोरोना से 60 लोगों की मौत हुई है।

दर्दनाक हादसा: ट्रक से कुचलकर युवक की मौत, दो हिस्सों में बंटा शव

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। नेहरू नगर चौक पर शुक्रवार को बड़ा हादसा हो गया है। यहां एक एक्टिवा सवार युवक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गया। हादसे में एक्टिवा सवार युवक केऊपर से ट्रक गुजर गई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भयानक था कि सुवक का शव दो टूकड़ों में बंट गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस शव को पीएम के लिए भेजा। मृतक बोरसी निवासी कल्याण (30 वर्ष) एक्टिवा वाहन में अपने दोस्त विक्की यादव के साथ रिसाली



से सूर्य विहार कालोनी जुनवानी की ओर जा रहा था।

मिली जानकारी के अनुसार घटना शुक्रवार दोपहर 11:40 से 12 बजे के बीच की बताई जा रही है। सुपेला पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान बोरसी निवासी कल्याण के रूप में हुई है। सुपेला पुलिस ने बताया कि बोरसी निवासी कल्याण अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एचएन 6744 से सूर्या विहार की ओर जा रहा था। नेहरू नगर चौक पर दुर्ग की ओर जा रही ट्रक क्रमांक एमपी 04 एच 4454 की चपेट में आ गया।

बताया जा रहा है कि हादसा रेड सिग्नल क्रास करने के चक्कर में हुआ। बताया जा रहा है कि इस दौरान ट्रक ने एक्टिवा सवार को चपेट में लिया। हादसे के बाद मौके पर काफी भीड़ जमा हो गई थी। हादसे के बाद युवक का शव दो टुकड़ों में बटा हुआ था और अतडियां तक बाहर निकल चुकी थी। पुलिस को शव समेटने में भी काफी दिक्कत हो रही है। बहरहाल पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है और आरापी चालक के खिलाफअपराध दर्ज किया है।

देश में 27 करोड़ लोग गरीबी रेखा से नीचे, छत्तीसगढ़ सबसे ज्यादा गरीब

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र सरकार द्वारा लोकसभा में पेश किए गए आंकड़ों के मुताबिक देश में 27 करोड़ लोग गरीबी रेखा से नीचे आते हैं। ग्रामीण इलाके में रहने वाला जो व्यक्ति हर दिन 26 रुपये और शहर में रहने वाला व्यक्ति 32 रुपये भी खर्च नहीं कर पा रहा है तो वह गरीबी रेखा से नीचे माना जाएगा। राज्यों की बात करें तो छत्तीसगढ़ सबसे ज्यादा गरीब है। जबकि यूपी, बिहार, झारखंड और मध्य प्रदेश में 10 में से हर तीसरा व्यक्ति गरीबी रेखा के नीचे है।

आंकड़ों के मुताबिक, गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वाली सबसे ज्यादा आबादी छत्तीसगढ़ की है। इस राज्य की 40 फीसदी आबादी गरीबी रेखा से नीचे गुजर-बसर कर रही है। झारखंड, मणिपुर, अरुणाचल, बिहार, ओडिशा, असम, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश ऐसे राज्य हैं, जहां की 30 फीसदी या उससे ज्यादा आबादी गरीबी रेखा से नीचे जीवन बिता रही है। इन राज्यों में हर 10 में से तीसरा व्यक्ति गरीबी रेखा के नीचे आता है।

लोकसभा में गरीबी रेखा से जुड़े सवाल पर ग्रामीण विकास मंत्रालय जानकारी देते हुए बताया कि देश की 21.9 फीसदी आबादी गरीबी रेखा से नीचे है। यह आंकड़े 2011-12 के हैं। उसके बाद से गरीबी रेखा के नीचे गुजर-बसर करने वाले लोगों का हिसाब नहीं लगाया गया। सरकार की गरीबी रेखा की परिभाषा के अनुसार, गांव में अगर कोई हर महीने 816 रुपये और शहर में 1000 रुपये खर्च कर रहा है, तो ऐसी स्थिति में वो शख्स गरीबी रेखा के नीचे नहीं आएगा।

भारत जब आजाद हुआ था, तब देश की करीब 80 प्रतिशत आबादी गरीबी रेखा के नीचे आती थी। आजादी के 75 साल बाद करीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन करने वील आबादी घटकर 22 फीसदी पर आ गई। हालांकि, अगर इसे संख्या के आधार पर देखा जाए तो कोई खास अंतर नहीं आया। देश की आजादी के वक्त 25 करोड़ जनसंख्या गरीबी रेखा से नीचे थी, अब 26.9 करोड़ जनसंख्या गरीबी रेखा के नीचे है।

मुर्मू की जीत से ज्यादा यशवंत सिन्हा की हार के चर्चे

नई दिल्ली (एजेंसी)। द्रौपदी मुर्मू देश की अगली राष्ट्रपति होंगी। तीन दौर की मतगणना के बाद ही उन्होंने विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा पर निर्णायक बढ़त बना ली। आखिरी राउंड की मतगणना के बाद उन्हें विजेता घोषित कर दिया गया। वहीं, सिन्हा पहले राउंड में ही रेस से बाहर हो गए थे। यूं तो पहले से ही आंकड़े मुर्मू के पक्ष में थे, लेकिन यशवंत सिन्हा इस तरह से हारेंगे यह किसी ने नहीं सोचा था। यही कारण है कि द्रौपदी मुर्मू की जीत से ज्यादा अभी यशवंत सिन्हा की हार के चर्चा हो रहे हैं। मुर्मू को जीत के लिए जरूरी 5 लाख 43 हजार 261 वोट तीसरे राउंड में ही मिल गए। तीन राउंड की गिनती पूरी होने के बाद मुर्मू को 5 लाख 77 हजार 777 वोट मिल चुके थे। वहीं, यशवंत सिन्हा 2 लाख 61 हजार 62 वोट ही जुटा सके। इसमें राज्यसभा और लोकसभा के सांसदों समेत 20 राज्यों के वोट शामिल हैं। तीन दौर की गिनती से ही साफहो गया कि 17 सांसद और 110 विपक्ष के विधायकों ने यशवंत सिन्हा की बजाय द्रौपदी मुर्मू को वोट किया है। सिन्हा को समर्थन देने के एलान के बाद भी विपक्ष के सांसद और विधायकों द्वारा द्रौपदी मुर्मू को वोट करना इस बात की तस्दीक करता है कि विपक्ष पूरी तरह से सिन्हा को लेकर एकजुट नहीं हो पाया।

रवींद्र चौबे बने राज्य के पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री टीएस सिंहदेव ने छोड़ा था पद

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मंत्री रवींद्र चौबे को राज्य के पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री के रूप में नियुक्त किया गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस फैसले पर अपनी मुहर लगा दी है। इससे पहले छत्तीसगढ़ के मंत्री टीएस सिंहदेव ने 16 जुलाई को अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। सिंह देव ने चार पेज की चिट्ठी के जरिए पंचायती विभाग छोड़ने का एलान किया था। हालांकि, जब सीएम भूपेश बघेल से सिंह देव के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि उन्हें अभी तक इस्तीफा नहीं मिला है।

चार पन्ने के इस्तीफे के बाद से ही सियासी गलियारे में कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गई थीं। कई लोगों का कहना था कि उन्हें सरकार में दरकिनार किया जा रहा है। हालांकि, वह अन्य चार मंत्रालयों का पदभार संभालते रहेंगे। सिंहदेव ने मुख्यमंत्री को सौंपे चार पन्नों के इस्तीफे में विभाग और सरकार के कामकाज पर असंतोष जाहिर किया था।

एमएसपी पर किसानों से दाल खरीदेगी भूपेश सरकार, पहली बार 25 मंडियों पर होगी खरीदी

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली सरकार इस खरीफ खरीदी सीजन 2022-23 में किसानों से न्यूनतन समर्थित मूल्य पर दलहन की खरीदी करेगी। छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मार्कफेड के जरिए सरकार अरहर उड़द और मूंग की खरीद करेगी। सरकार द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, छत्तीसगढ़ सरकार अक्टूबर से मई 2023 तक एमएसपी में किसानों से दाल खरीदेगी।

इस खरीफ खरीदी सीजन में सरकार किसानों से अरहर और उड़द 6,600 रुपये प्रति क्विंटल की

दर से खरीदी जाएगी, वहीं, मूंग की खरीद 7,755 रुपये प्रति क्विंटल की दर से होगी। गौरतलब है कि उड़द एवं मूंग की खरीद 17 अक्टूबर 2022 से 16 दिसंबर 2022 तक और अरहर की खरीद 13 मार्च 2023 से 12 मई 2023 तक की अवधि में किया जाएगा।

सरकार ने दलहन की खरीद के लिए इस बार खास नियम बनाए हैं। इसके लिए पहले किसानों को रजिस्ट्रेशन कराना होगा। पहली बार सरकार गोदाम एवं भंडारण की सुविधा वाली 25 कृषि मंडियों में दाल खरीदेगी। इस बाबत कृषि विभाग ने राज्य में खरीदी के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। खरीदी केन्द्र पर जरूरी भौतिक संसाधनों, उपकरणों और मानव संसाधन का इंतजाम छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मार्कफेड करेगी।

कृषि विभाग ने न्यूनतन समर्थित मूल्य पर अरहर, उड़द और मूंग की खरीद के लिए जिन 25 मंडियो को चिन्हित किया है उनमें भाटापारा, गरियाबंद, महासमुन्द, बसना, दुर्ग, बेमेतरा, राजनांदगांव, खैरागढ़ डोंगरगढ़, गंडई, कवर्धा, पण्डरिया, मुंगेली, लोरमी, सक्ती, रायगढ़, अंबिकापुर, सूरजपुर, रामानुजगंज, जशपुर, कोण्डागांव, केशकाल, नारायणपुर, सम्बलपुर, पखांजूर कृषि मंडी शामिल हैं।

कोरोना संक्रमण की बढ़ती रफ्तार ने बढ़ाई चिंता, मिले 700 नए मरीज, 7 की मौत

रायपुर। छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण की बढ़ती रफ्तार ने सरकार की चिंता बढ़ा दी है। गुरुवार को प्रदेश में 700 नए मरीज मिले हैं। इसके साथ ही एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 3596 पहुंच गई है। सबसे ज्यादा 588 दुर्ग व 579 एक्टिव केस रायपुर जिले में हैं। कोरोना से 7 लोगों की मौत भी हुई। कोरोना की चौथी लहर में अब तक की यह सबसे ज्यादा मौतें हैं। राज्य शासन ने कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए राज्य की सीमाओं और सभी एयरपोर्ट पर कोविड जांच अनिवार्य किया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने कोविड गाइडलाइंस का सख्ती से पालन करने और वैक्सीनेशन में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

छत्तीसगढ़ सरकार के खिलाफ भाजपा का अविश्वास प्रस्ताव

भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के खिलाफकल विधानसभा में अविश्वास प्रस्ताव पेश किया। विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन विपक्षी दल ने अविश्वास का प्रस्ताव पटल पर रखा। विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत ने प्रस्ताव को पढ़ा और 27 जुलाई को चर्चा के लिए सूचीबद्ध किया। 90 सदस्यों वाली विधानसभा में कांग्रेस के 71 विधायक हैं। भाजपा के 14, जेसीसी (जे) के तीन और बहुजन समाज पार्टी कि सदन में दो सदस्य हैं। नेता प्रतिपक्ष धरम लाल कौशिक ने बुधवार को कहा था कि भाजपा ने सभी मोर्चों पर विफल रहने वाली कांग्रेस सरकार के खिलाफअविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया है।

जो जरूरी है वह तो बिकेगगा ही...फिर चाहे...

दीपक रंजन दास

आवश्यकता की वस्तु पर चाहे जितने प्रतिबंध लगा लो, वह तो बिकेगा ही। एक नंबर में बिकता है तो सरकार को राजस्व मिलता है और दो नम्बर में माफिया मालामाल होता है। अब दारू को ही देख लो। जिन राज्यों में प्रतिबंधित है वहां चार गुनी कीमत पर मिलती है और सरकार अंगूठा चूसती रह जाती है। निस्संतान दंपतियों के लिए पसंद का बच्चा एक जरूरत है। पर सरकार ने यहां भी अड़ंगा लगा रखा है इसलिए अब बच्चों की खरीद फरोख्त शुरू हो गई है। हाल ही में पुलिस के हाथ एक मोबाइल कॉल रिकार्डिंग आई है जिसमें एक महिला नवजात उपलब्ध कराने का सौदा कर रही है। सबसे अनोखा मामला है जेल में बैठे-बैठे कम्प्यूटर एप्लिकेशन में डिप्लोमा करने का। 2014 से जेल में बंद एक युवक 2019 में रिहा होता है। उसके पास 2018 का डीसीए का सर्टिफिकेट है। यह सर्टिफिकेट एक निजी विश्वविद्यालय ने जारी किया है या यूं कहिए बेचा है। आरटीआई कार्यकर्ता ने मामला उजागर करते हुए मामले की शिकायत राज्य शासन के उच्च शिक्षा विभाग, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्नीकल एजुकेशन से की है। शिकायत की प्रति छत्तीसगढ़ प्राइवेट यूनिवर्सिटी रेगुलेटरी कमीशन सहित

निजी विश्वविद्यालय को भी उपलब्ध करा दी गई है। आरोप है कि यूनिवर्सिटी ने छात्र का कोई पंजीयन नहीं किया, उसे एडमिशन भी नहीं दिया पर सर्टिफिकेट दे दिया। इस मामले में हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है। आखिर इतना हंगामा क्यों है भाई? बंदे को काम नहीं आता होगा तो एक सर्टिफिकेट भर से उसे कोई नौकरी नहीं मिल जाएगी। यदि काम आता होगा तो सर्टिफिकेट तो केवल एक फॉर्मेलिटी है। रामायणकाल में वैद्य सुषेण हुए। वे दशानन रावण के फैमिली फिजीशियन थे। युद्ध के दौरान भ्राता लक्ष्मण मूर्छित हुए तो उन्होंने चिकित्सक धर्म का पालन करते हुए उनकी भी सेवा सुश्रुषा की। उनके प्राण बचाए। वैद्य सुषेण से लेकर चरक-सुश्रुत तक के पास कोई डिग्री-डिप्लोमा नहीं थी। रामदेव बाबा के पास भी कोई डिग्री नहीं है। पर इन्हें व्यापक स्वीकार्यता है। डिग्री धारी स्कूल कालेज में नौकरी कर रहे हैं और पढ़ाई बीच में छोड़ने वाले भी कोचिंग चला रहे हैं। स्वीकार्यता कोचिंग की ज्यादा है। ऐसा इसलिए भी है कि स्कूल कालेज में पढ़ाने वाले शिक्षक, व्याख्याता, सहायक प्राध्यापक, सह प्राध्यापक या प्राध्यापक ही हो सकते हैं। कॉमर्स गुरू, केमिस्ट्री गुरू, मैथ्स गुरू और फिजिक्स गुरू तो कोचिंग सेन्टर में ही मिल सकते हैं। इंजीनियरिंग की पढ़ाई बीच में छोड़ने वाला 9वीं, 10वीं, 11वीं, 12वीं के बच्चों को तो पढ़ा ही सकता है। डिग्री भले ही पूरी न हुई हो उसे कोचिंग का अच्छा खासा एक्सपीरियंस है। लिहाजा भीड़ उसके पास है और कालेज वाले फाख्ता उड़ा रहे हैं।

संपादकीय

बड़ी जीत

भारत ने अपना भावी राष्ट्रपति चुन लिया, यह समग्रता में देश के लिए खुशी और उत्सव का समय है। ठीक एक महीने पहले 21 जून को जब भाजपा ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की ओर से पूर्व राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू के नाम की घोषणा की थी, तभी यह लगभग तय हो गया था कि देश को पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति मिलने जा रही है। इनके नाम की घोषणा से विपक्ष बुरी तरह डगमगा गया, उसमें दरारें दिखने लगीं। राष्ट्रपति उम्मीदवार के रूप में यशवंत सिन्हा को आगे करने वाली तृणमूल कांग्रेस में भी हिचकिचाहट पैदा हो गई। ओडिशा के लिए यह खुशी का मौका था कि पहली बार कोई ओडिया राष्ट्रपति बनने जा रहा था, तो बीजू जनता दल खुलकर द्रौपदी मुर्मू के पक्ष में आ गया। इस बीच महाराष्ट्र में भाजपा विरोधी गठबंधन की सरकार गिर गई और भाजपा के समर्थन से जब सरकार बनी, तब साफ हो गया कि महाराष्ट्र से भी अब द्रौपदी मुर्मू के वोट बढ़ जाएंगे। ध्यान रहे, राष्ट्रपति चुनाव व उम्मीदवारों के नाम की घोषणा से पहले समग्र विपक्ष का वोट मूल्य सत्तारूढ़ गठबंधन से लगभग डेढ़ प्रतिशत ज्यादा था। मामूली अंतर के बावजूद विपक्ष ने अपने उम्मीदवार यशवंत सिन्हा के पक्ष में जोश दिखाया, तो यह भी भारतीय लोकतंत्र की खूबी ही है। वैसे यह संभावना इतिहास में दर्ज हो गई है कि काश, भाजपा द्रौपदी मुर्मू के नाम की घोषणा पहले कर देती, तो शायद विपक्ष अपनी ओर से किसी उम्मीदवार को आगे ही नहीं करता। इस संभावना या बात का विपक्षी पार्टियों के कुछ नेताओं ने खुलकर इजहार भी किया। खैर, यह भी इतिहास में दर्ज हो गया है कि देश के 15वें राष्ट्रपति के लिए हुए चुनाव में जमकर सियासत हुई। उम्मीदवारों की ओर से नेताओं की तरह कुछ बयानबाजी भी हुई। सत्ता पक्ष ने विपक्ष को सियासी व नैतिक मुश्किल में डाला और आसानी से हरा दिया। यह अफसोस तो हर बार होता है कि काश, राजनीतिक दल राष्ट्रपति चुनने के मोर्चे पर एकमत हो पाते। कम से कम एक आदिवासी महिला को राष्ट्रपति चुनने पर सभी सहमत हो सकते थे, इसके लिए सम्मिलित प्रयास होने चाहिए थे। आजाद देश में केंद्र व राज्यों में चुनावी प्रक्रिया शुरू होने के बाद अब तक केवल एक बार ऐसा हुआ है, 1977 में नीलम संजीव रेड्डी निर्विरोध राष्ट्रपति चुने गए। अब द्रौपदी मुर्मू 25 जुलाई को अपना कार्यभार संभालेंगी और आजादी के अमृत वर्ष में देश की कीर्तिगाथा में एक नया अध्याय जुड़ जाएगा। देश के आदिवासी समाज ने एक लंबा सियासी सफर तय किया है, उनकी उपलब्धियां कतई कमतर नहीं हैं। भारतीय लोकतंत्र में आदिवासियों की छोटी-बड़ी उपलब्धियों से ही ऐसा समीकरण बना है, जब देश के प्रथम नागरिक के रूप में हम एक आदिवासी महिला को देखेंगे। यह वाकई नया भारत है। संविधान निर्माताओं ने इसी समावेशी भारत की कल्पना की थी, जिसमें हर वर्ग को शीर्ष स्तर पर प्रतिनिधित्व मिलेगा। देश के लगभग 12 करोड़ आदिवासी निस्संदेह गर्व का एहसास करेंगे, वे अपने जीवन में सुधार लाने को प्रेरित होंगे। भारतीय संविधान की असीम संभावनाओं की रोशनी में यह विकास की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित होने का समय है। सर्वोच्च पद का संदेश पूरे देश में साकार होना चाहिए, आदिवासियों या देश की सियासत की यह उपलब्धि केवल सांकेतिक न रह जाए, यह अपने स्तर और अपनी सीमा में रहते अगली राष्ट्रपति को भी सुनिश्चित करना होगा। दुनिया हमारी समृद्ध विविधता के एक नए रूप से रूबरू होने जा रही है।

> “ मामूली अंतर के बावजूद विपक्ष ने अपने उम्मीदवार यशवंत सिन्हा के पक्ष में जोश दिखाया, तो यह भी भारतीय लोकतंत्र की खूबी ही है। वैसे यह संभावना इतिहास में दर्ज हो गई है कि काश, भाजपा द्रौपदी मुर्मू के नाम की घोषणा पहले कर देती, तो शायद विपक्ष अपनी ओर से किसी उम्मीदवार को आगे ही नहीं करता। इस संभावना या बात का विपक्षी पार्टियों के कुछ नेताओं ने खुलकर इजहार भी किया।

> “ **महिलाओं के कामकाजी होने को लेकर हमारे घर के दरवाजे भले ही खुले हों, लेकिन इसका एक बड़ा कारण हमारी आर्थिक जरूरतें हैं। इसमें भी पत्नी का पति के मुकाबले ज्यादा कमाना या ज्यादा पढ़ा-लिखा होना, हमें हजम नहीं होता है, क्योंकि हमें उसके तेवर बर्दाश्त नहीं होते। इस राष्ट्रपति चुनाव के दौरान विपक्ष के साझा उम्मीदवार रहे यशवंत सिन्हा की योग्यता पर सवाल नहीं उठाया जा सकता, वह एक बेहतर राजनेता और कुशल प्रशासनिक अधिकारी रहे हैं।**

कई शंकाओं और सवालों का जवाब

विजय त्रिवेदी, वरिष्ठ पत्रकार

आजादी का अमृत महोत्सव मनाते वक्त देश को पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का मिलना हमारी लोकतंत्रीय व्यवस्था में न केवल विश्वास को जाहिर करता है, बल्कि यह उन लोगों के मुंह पर तमाचा भी माना जा सकता है, जो भारत को आजादी देते वक्त हमारी लोकतंत्रीय समझ पर सवाल उठाने के साथ-साथ मजाक बना रहे थे। हमने इन 75 साल में सर्वोच्च सांविधानिक पद पर कमोबेश मुल्क के सभी वर्गों को नुमाइंदगी देने की कोशिश की है। इस दौरान देश को तीन-तीन मुस्लिम राष्ट्रपति, दो महिला, दो दलित, एक आदिवासी राष्ट्रपति भी मिला और तमिलनाडु से लेकर पश्चिम बंगाल तक सभी को प्रतिनिधित्व का मौका भी, इसके बावजूद यह सवाल वाजिब हो सकता है कि इन सब औपचारिकताओं को भले हमने पूरा कर लिया हो, पर क्या इस नुमाइंदगी का फायदा उन लोगों को मिला, जिनके नाम पर यह मुहर लगाई गई या केवल राजनीतिक तालियां बटोरी गईं? जवाब थोड़ा हां और थोड़ा ना हो सकता है, क्योंकि बहुत कुछ बदला भी और बहुत कुछ बाकी रह गया। कम से कम इस बात की तसल्ली तो हो सकती है कि हम सही रास्ते पर चल रहे हैं। इन नुमाइंदगी ने उन तमाम धारणाओं को गलत साबित किया, जो दुनिया के दूसरे देश और हमारे मुल्क में भी कुछ लोग बताते हैं कि भारत सिर्फ एक हिंदू राष्ट्र है; यह महिला, आदिवासी, दलित विरोधी समाज है।

राष्ट्रपति चुनाव में द्रौपदी मुर्मू की जीत को महिलाओं के सशक्तीकरण के जश्न के तौर पर भी मनाया जा सकता है, लेकिन यह मिठास अधूरी सी लगती है, जब कोई हाईकोर्ट अपने एक फैसले में कहता है कि महिलाओं के लिए मंगलसूत्र जैसे 'शादी के चिह्न' पहनना जरूरी है और उनकों न पहनना पति को 'सामाजिक प्रताड़ना' देने जैसा है और यह तलाक का कारण भी बन सकता है। फैसले में यह भी कहा गया कि पुरुषों के लिए कोई 'वैवाहिक चिह्न' नहीं है, इसलिए उन पर यह पाबंदी नहीं हो सकती।

एक और खबर हैरान करने वाली मिली कि एक सर्वे में कर्नाटक के लोगों ने महिलाओं के साथ होने वाली 'पारिवारिक हिंसा' या पति द्वारा पत्नी को पीटने को गैर-वाजिब नहीं बताया। उनका मानना है कि यह अच्छे परिवार के लिए जरूरी है। क्या राष्ट्रपति पर किसी वर्ग विशेष की नुमाइंदगी सिर्फ राजनीतिक धारणा या संदेश भर के लिए होती है, इसका समाज की बेहतरी या ताकत से सीधा रिश्ता नहीं होता? किसी हद तक यह बात सही हो सकती है, लेकिन इसका दूसरा पहलू यह भी है कि इस तरह की नुमाइंदगी भले ही मोटे तौर पर वोटबैंक को साधने के लिए की गई हो, लेकिन यह उस वर्ग के आत्म-सम्मान और आत्म-गौरव से जुड़ी होती है और उस वर्ग को एक नई ताकत भी देती है या निराशा व पिछड़ेपन से उबारने का काम करती है। देश में दो-दो दलित राष्ट्रपति के आर नारायणन और रामनाथ कोविंद ने भले ही सीधे तौर पर दलित समाज के उत्थान के लिए कोई बड़ा काम न किया हो, लेकिन सर्वोच्च सांविधानिक पद पर उनके बैठने से दलित समाज को यह भरोसा जरूर कायम हुआ है कि अब वे कमजोर नहीं हैं। इसमें कहीं घोड़े पर से दलित दूल्हे को उतारने की घटना को अपवाद के तौर लिया जा सकता है। तीन-तीन मुस्लिम राष्ट्रपति होने से मुसलमानों की एक बड़ी आबादी का पिछड़ापन भले ही खत्म न हुआ हो, लेकिन इसने उन लोगों का मुंह जरूर बंद किया होगा, जो हिन्दुस्तान में मुसलमानों को दूसरे दर्जे का नागरिक होने की बात करते रहते हैं। आम मुसलमान समझता है कि हिन्दुस्तान में उसके हक और बराबरी को कोई नहीं रोक सकता। यही बात महिला प्रतिनिधियों को लेकर कही जा सकती है। पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और एक जमाने में एक साथ पांच-पांच राज्यों में महिला मुख्यमंत्री, कई राज्यों में महिला राज्यपाल व बहुत से राजनीतिक दलों के अध्यक्ष पद पर महिलाओं के बैठने से आम महिला को ताकत जरूर मिली है। वह दिन दूर नहीं लगता, जब संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को आरक्षण देने की बात पुरुष प्रधान सामाजिक और राजनीतिक नेताओं को माननी ही पड़ेगी, क्योंकि देर भले हो जाए, अब उसे मंजिल तक पहुंचने से रोका नहीं जा सकता।

महिलाओं के कामकाजी होने को लेकर हमारे घर के दरवाजे भले ही खुले हों, लेकिन इसका एक बड़ा कारण हमारी आर्थिक जरूरतें हैं। इसमें भी पत्नी का पति के मुकाबले ज्यादा कमाना या ज्यादा पढ़ा-लिखा होना, हमें हजम नहीं होता है, क्योंकि हमें उसके तेवर बर्दाश्त नहीं होते। इस राष्ट्रपति चुनाव के दौरान विपक्ष के साझा उम्मीदवार रहे यशवंत सिन्हा की योग्यता पर सवाल नहीं उठाया जा सकता, वह एक बेहतर राजनेता और कुशल प्रशासनिक अधिकारी रहे हैं। सिन्हा ने खुद भी कहा कि यह चुनावी लड़ाई दो व्यक्तियों के बीच नहीं, दो विचारधाराओं के बीच है। सिन्हा ने जब 'अंतरात्मा की आवाज' पर वोट देने की बात की, वहां तक भी ठीक था, लेकिन उन्होंने जब 'रबर स्टांप' राष्ट्रपति होने का सवाल उठाया, तो आपत्ति दर्ज कराने की जरूरत लगी। क्या यह सवाल इसलिए उठाया गया, क्योंकि मुर्मू महिला और आदिवासी हैं? इस मौके पर मैं उन राष्ट्रपति या दूसरे लोगों का जिक्र कर आदिवासी महिला राष्ट्रपति के जीत के जश्न का स्वाद खराब नहीं करना चाहता, जिन्होंने सांविधानिक मर्यादाओं तक को ताक पर रख दिया। दुनिया के किसी भी राष्ट्राध्यक्ष के सबसे बड़े आवास रायसीना हिल पर बने राष्ट्रपति भवन में ऐसे बहुत से किस्सों की फाइलें होंगी, लेकिन एक ताकतवर समाज से जुड़े किसी पुरुष उम्मीदवार के लिए हम ऐसे शक पैदा नहीं करते हैं! आखिरी बात, राष्ट्रपति सिर्फ संविधान की शपथ नहीं लेते, वे संविधान की रक्षा की शपथ लेते हैं। सक्रिय राष्ट्रपति या 'ऐक्टिव प्रेसिडेंट' का मतलब प्रधानमंत्री और सरकार से आए दिन तकरार या विवाद करना कतई नहीं होता। उनसे उम्मीद हो०००ती है कि जिस दिन संविधान की अनदेखी हो रही हो, उस दिन या रात कोई राष्ट्रपति किसी दस्तावेज पर चुपचाप दस्तखत करना जरूरी न समझे। बेशक, राष्ट्रपति की मौजूदगी एक ताकत और भरोसा देती है। हार-जीत पर बहस तो बहुत होगी, लेकिन फिलहाल तो यह भारतीय गणराज्य के लिए शुभकामनाओं का समय है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

खतरनाक वायरस के दौर में पंख वाले दानवों का आतंक

गोपालकृष्ण गांधी, पूर्व राज्यपाल

इस आलेख को पढ़ने वाले कई पाठक कोविड-19 से ग्रसित हुए होंगे। आज जब इस बीमारी को आए दो-ढाई साल हो गए हैं, तब हम में से अधिकांश के लिए कोरोना से प्रभावित होने वाले रिश्तेदारों, दोस्तों और परिचितों की संख्या उन लोगों की तुलना में अधिक होगी, जो अब तक इस वायरस से बचे हुए हैं। अगर किसी पाठक के साथ ऐसी बात नहीं है, तो वह वाकई खुद को भाग्यशाली मान सकता है।

एक पखवाड़े पहले तक मैं भी इससे बचा हुआ था। और फिर, जब इसने मुझे अपनी गिरफ्त में लिया, तो धीरे-धीरे, मानो माफी मांगते हुए। कहा जाता है कि 'ओमीक्रोन इसका हल्का स्वरूप है। जब तक आपको इसका एहसास होता है, तब तक तो यह खत्म हो चुका होता है।' यह सच है, लेकिन पूरा नहीं। निस्संदेह, इस खतरनाक वायरस परिवार का यह एक उदार सदस्य माना जा सकता है, मगर कोविड आने और जाने के बाद मैं एक अजीब अनुभव से गुजरा हूं। असल में, एक मच्छर पिछले कई दिनों से मेरे शयनकक्ष में आसपास मंडरा रहा है। अब आप यही पूछेंगे कि आपको कैसे पता, यह एक ही मच्छर है? असल में, मैं भी नहीं जानता। मुझे बस यह पता है कि यह उस आफ्त या संक्रमण का हिस्सा नहीं, जिसे मैं चेन्नई का पुराना बाशिंदा होने के नाते जानता हूं, और जो मेरे कानों को नाराज करने व टखनों को बेहाल करने को उतारू रहते हैं। दरअसल, वह पिछली कुछ रातों से तब नमूदार होता है, जब मैं बिस्तर पर सोने से पहले अनिवार्य रूप से पढ़ रहा होता हूं। पहले वह मेरे चेहरे पर पश्चिम से पूरब की ओर तेजी से भागता है, मानो गालों और नाक के आर-पार भूमध्यरेखा खींच रहा हो। और, जब मैं उसे मारने के लिए हाथ उठाता हूं, तो वह पल भर में गायब हो जाता है। मेरी नजर अगली पंक्ति पर पहुंचती ही नहीं कि वह फिर से प्रकट हो जाता है, इस बार पूरब से पश्चिम की ओर। मैं बार-बार उसे मारने की कोशिश करता हूं, पर सब बेकार। इसके बाद वह मेरे चेहरे के ऊपर उड़ता है। मैं खुली किताब को अपने चेहरे पर गिरने देता हूं, ताकि मुद्रित पन्नों व चेहरे के बीच उसे दफ्न कर सकूं। मगर यह मेरे किताब व चेहरे का सौभाग्य और मेरा दुर्भाग्य कि वह फिर से बच निकलता है। मेरी पत्नी यह सब देखकर मुस्कराती रहती हैं और हमेशा की तरह मुझे व्यावहारिक सलाह देती है, 'उसे छोड़ दो... मच्छर भगाने वाला जेल लगाओ या कुछ स्प्रे करना पसंद करो?' मैं ऐसा ही करता हूं, पर यह भी जानता हूं कि गुनगुनाने वाली यह सिरिंज मुझे क्या कह रही है। वह कहती है, 'आपको लगता है कि आप मुझसे बच गए? मगर मैं आपको छोड़ूंगी नहीं। आप देखते रहो बस!' यही कारण है कि जलवायु संकट पर डॉक्टर के श्रीनाथ रेड्डी (पब्लिक हेल्थ फाउंडेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष) के एक लेख को पिछले दिनों पढ़ने के दौरान मैंने उसे संक्रमितों के हित में पाया। उसमें कहा गया था, 'कोविड-19 अकेली संक्रामक बीमारी नहीं है, जिसका खतरा जलवायु परिवर्तन के साथ बढ़ गया है। इस महामारी के खत्म होने के बाद भी हम वेक्टर-जनित बीमारियों से जूझते रह सकते हैं। आने वाले दिनों में मच्छरों के काटने से फैलने वाली बीमारियां बढ़ेंगी, क्योंकि कीड़े अधिक ऊंचाई तक उड़ सकेंगे और जहां भी गर्म मौसम उनके अनुकूल होगा, वे दूर-दूर तक जा सकेंगे। डेंगू पहले से ही दुनिया के एक बड़े हिस्से के लिए खतरा है, जबकि मलेरिया से अफ्रीका व एशिया में लोगों की जान जा रही है। यदि इसमें चिकनगुनिया, जीका को जोड़ लें, तो ग्लोबल वार्मिंग को हम मच्छरों के अनुकूल पाएंगे।'एक कड़वा सच।

यह वायरस बेशक निष्प्रभावी हो जाएगा, पर यह लाखों लोगों को इतना कमजोर जरूर कर देगा कि वे वेक्टर से निपटने में शायद ही सक्षम हो सकें। हालांकि, ऐसा कहने वाले रेड्डी अकेले नहीं होने चाहिए। सिस्टम में शामिल अन्य लोगों को भी यह कहना चाहिए, और बताना चाहिए कि इसे रोकने के लिए क्या किया जा रहा है? अब यहां कोई यह तर्क न दे कि 'स्वास्थ्य राज्य का विषय है'। मृत्यु नहीं है। यह किसी सूची में नहीं है- न संघ, न राज्य और न समवर्ती। मगर यह पंखों वाले उस दानव के दिमाग में जरूर है, जो हमें परेशान करने के लिए बार-बार निकलता है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

श्रीमती अंजली जैन की कलम से...



धर्म, जिनके पास हैं
उनके पास, मंथन-
मनन कई रास्ते,
सत्यमार्ग के हैं सचेत
रहते हैं, पल-पल
अपने आपका करते
शुध्द ध्यान हैं।।

-अंजली जैन
7024460938

आलस्य और कर्तव्य

ज्ञान के मार्ग की दो बड़ी बाधाएं हैं- आलस्य और घमंड। आलस्य कई तरह के होते हैं, पर उनमें भी आध्यात्मिक सुस्ती सबसे खराब है। आध्यात्मिक आलस्य का अर्थ है, ध्यान के लिए नियमित तौर पर न बैठना। आध्यात्मिक सुस्ती वाले लोगों के पास सभी कार्यों के लिए समय होता है, बस साधना के लिए समय नहीं होता। उनका प्राय: यही बहाना होता है, आज बहुत देर हो चुकी है, अभी छोटा-सा ध्यान करते हैं, कल अपनी साधना को अधिक समय दूंगा। इस तरह के लोग सिनेमा हॉल में तो पूरी एकाग्रता के साथ बैठते हैं, लेकिन धर्म-साधना में उन्हें नींद आने लगती है।

इस संदर्भ में एक रोचक प्रसंग आपको सुनाता हूं। राम और सीता के साथ लक्ष्मण भी वन गए थे। चौदह वर्षों की लंबी अवधि के लिए उनका कर्तव्य हर समय निगरानी रखना था। एक दिन उन्हें नींद आ गई। जब आंख खुली, तो क्षुब्ध होकर उन्होंने धनुष-बाण उठा लिया और निद्रा देवी का वध करने पर वह आमादा हो गए। नींद की देवी ने कहा, लक्ष्मण, आपके लिए ऐसा करना अशोभनीय है! लोग आपको एक महान नायक मानते हैं, और आप अपनी शक्ति का इस्तेमाल एक महिला के खिलाफ कर रहे हैं? लक्ष्मण ने उत्तर दिया, तुम जानती हो, मैं यहां अपना कर्तव्य निभा रहा हूं, फिर भी तुम मुझे परेशान करने चली आई? निद्रा देवी ने कहा, पर मेरा भी यह कर्तव्य है कि मैं आपकी पलकों पर बैठूं। लंबी बातचीत के बाद आखिरकार दोनों में समझौता हो गया कि 14 वर्षों के बाद जब राम अयोध्या लौटकर सिंहासन पर विराजमान हो जाएंगे, तब नींद की देवी लक्ष्मण की पलकों पर विराजमान होंगी।

वनवास के 14 वर्ष बीत गए। भगवान राम के राज्याभिषेक का दिन आ गया। लक्ष्मण आयोजन में तत्परता से जुटे थे। अचानक उन्हें झपकियां आने लगीं। नींद की देवी अकेली नहीं आई थीं, उनके साथ एक अनुचर भी था। लक्ष्मण जी को शर्मिंदगी महसूस हुई। उन्होंने सोचा, यह नींद भी क्या उपद्रव है, अगर अभी सो जाऊं, तो भ्राताश्री को लगेगा कि मुझे उनके राज्याभिषेक में कोई दिलचस्पी नहीं है। पर उधर नींद की देवी भी अडिग थीं। तब कर्मयोगी लक्ष्मण ने निद्रा देवी से आग्रह किया, मैं आपकी कठिनाई समझता हूं, लेकिन आपको अपना जादू चलाने के लिए दूसरी जगह ढूंढ़नी चाहिए। मेरी प्रार्थना है कि आप वहां जाएं, जहां कोई आध्यात्मिक प्रवचन हो रहा हो और उन-उन लोगों की पलकों पर बैठें, जो धर्म से विरत हैं। तब से नींद की देवी यह काम करती आ रही है। कर्मयोगियों के यहां आलस्य के लिए कोई जगह नहीं है, क्योंकि कर्मवादी अपने शरीर के भीतर बसने वाले इस शत्रु पर सबसे पहले विजय प्राप्त करते हैं।

ऐश्वर्य के पीछे भागते लोग

देश नित नए षड्यंत्र झेल रहा है। चिंता का विषय यह है कि पिछले तीन वर्षों में प्रतिदिन 350 से अधिक लोग भारत की नागरिकता छोड़ गए। पिछले वर्ष भी देश छोड़ने वाले लोगों की संख्या 1.68 लाख रही। हालांकि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व में नागरिकों से अपील की थी कि उनका उद्देश्य अपने देश की सेवा होना चाहिए, फिर भी न जाने क्यों, इतनी बड़ी संख्या में भारतीय पलायन कर रहे हैं? उनको समझना चाहिए कि यदि इसी गति से प्रतिभाओं का पलायन होता रहेगा, तो राष्ट्र विरोधी तत्व और मजबूत होंगे। संभवत: देश की शिक्षा नीति में ही कोई कमी रही होगी कि पिछले अनेक वर्षों से हमारा देश पैसा बनाने की मशीनें तैयार करता रहा है। जिम्मेदार और जागरूक नागरिक अब भी कम दिखाई पड़ते हैं। ये लोग इतने स्वार्थी हैं कि केवल पैसा कमाने के चक्कर में जननी-जन्मभूमि का ही त्याग कर रहे हैं। अभी हाल में सेना के एक पूर्व अधिकारी ने अपने जीवन के आखिरी दिनों में इसलिए आत्महत्या कर ली, क्योंकि उनके मुताबिक, अपने बच्चों को वह जिम्मेदार नागरिक नहीं बना सके। जाहिर है, केवल धन और ऐश्वर्य के पीछे भागने वाले नागरिकों की संख्या दिनोंदिन बढ़ रही है। एक बात यह भी साफ है कि परिस्थिति को बदलने का सामर्थ्य हर किसी के पास नहीं, लेकिन जो इन परिस्थितियों व परिवेश को बदलना चाहते हैं, उनका समर्थन तो किया ही जा सकता है। लोगों को अपने गिरेबान में झांकना चाहिए।

देश को होता है नुकसान

यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि 2015 से सितंबर, 2021 तक करीब नौ लाख लोगों ने भारत की नागरिकता छोड़ दी। केंद्र सरकार ने अपनी विफलता छिपाने के लिए संसद को बताया कि जितने लोगों ने नागरिकता छोड़ी है, उनके कारण निजी हैं। मगर जब ये लोग नागरिकता छोड़ने के वक्त यह बताते कि सरकार की नाकामी के कारण वे ऐसा कर रहे हैं, तो क्या इनको इजाजत भी मिल पाती? एक बात तो साफ है कि भाजपा सरकार में न तो शिक्षा व्यवस्था सही है, न कारोबारी व्यवस्था। सरकार ने यह भी बताया है कि अमुक-अमुक देशों में भारतीय जाकर बसे हैं। इस सूची को देखकर यही कह सकते हैं कि किसी गरीब ने नागरिकता नहीं छोड़ी है। साफ है, हमारे देश की अर्थव्यवस्था को नुकसान हुआ है। अब हमें यह भी आकलन करना चाहिए कि हमारे देश का कितना पैसा विदेश गया?

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे
9827806026, 7869620239

Sanitary And Pipes Shop
Shree Hanuman Enterprises
Deals In: Sanitary, Hardware, PVC and CPVC Pipes, Water Tanks & Kitchen Sinks etc.
Deepak Kumar Shrivastava
7771831789
7974777438
Meenakshi Nagar, Beside of New Culcutta Sweets, Borsi Road, Durg (C.G.)-491001

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

महक सेनीटेशन
आपके शहर में सेनेटरी का भव्य शोरूम
सी पी फिटिंग व सेनेटरी की भव्य रेंज किफायती दरों में
एक बार सेवा का मौका अवश्य दें
अनिल गुप्ता मो. 9300280144
शाप नं. 102, 103, किशोर प्लाजा, ग्रीन चौक दुर्ग (छ.ग.)
अनिल गुप्ता, मो. 9300280144

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

A quality Digital Photoshop
Laxmi photo studio
Adarsh Nagar, DURG (C.G.)
9039553151, 9993564499
E-mail - laxmistudio2004@gmail.com

लक्ष्मी ज्वेलर्स
कुशल
9770584111
8959994444
स्टेशन रोड, कर्नाटका बैंक के सामने, दुर्ग (छ.ग.)

श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM

घर-घर जाकर लगाया जायेगा कोविड- 19 का टीका बूस्टर डोज अवश्य लगवाएं, रखे खुद को सुरक्षित

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। कोरोना संक्रमण एक बार फिर से बढ़ रहा है। जिले में प्रत्येक दिन कोरोना संक्रमण के नये मामले आ रहे हैं। बस्तर में कम ही सही लेकिन कोरोना संक्रमण के नये मामले बढ़ रहे हैं। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोरोना पर अंकुश लगाने, के लिए टीकाकरण पर फोकस किया जा रहा है। इसी क्रम में कोविड टीकाकरण का तीसरा डोज या प्रिकाशन डोज के माध्यम से 18 से अधिक आयु के वर्ग के सभी लोगों को कोविड– 19 का टीका लगाया जा रहा है।

ग्रामीण इलाकों में रहने वाले अधिकतर लोग अभी खेती कार्य मे व्यस्तता के चलते टीकाकरण केंद्रों में नही जा पा रहे। इसको ध्यन में रखते हुए कलेक्टर चन्दन कुमार के निर्देशानुसार टीकाकरण दल अब घर-घर और खेतों में जाकर लाभार्थियों को टीका लगाएंगे।

इस सम्बंध में सीएमएचओ आर.के.चतुर्वेदी ने बताया: कोरोना संक्रमण के नये मामले जिले में मिलने के बाद इसके विस्तार होने के संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता है। ऐसे में अधिक से अधिक लोगों को कोविड- 19 का टीका लगाकर सुरक्षित करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा कोविड- 19 टीकाकरण का महाअभियान चलाया जा रहा है। ऐसे में लोगों से अपील है कि 18 से अधिक आयुवर्ग के ऐसे लोग जिन्होंने कोविड वैक्सीन का तीसरा टीका अभी तक नहीं लगवाया है, वह अपने निकटतम टीकाकरण सत्र स्थल पर आकर बूस्टर डोज अवश्य लगवायें।

वहीँ जिला टीकाकरण अधिकारी सी.आर. मैत्री ने जिले वासियों से अपील करते हुए कहा: वे लोग जो किसी अन्य राज्य से जिले में प्रवेश कर रहे हैं वह एहतियातन अपना कोविड टेस्ट जरूर करवाएं। खासकर उन्हें तो अनिवार्य रूप से अपना कोविड टेस्ट करवाना चाहिए जो ऐसे राज्य से होकर आए हैं जहां कोविड के मामले अधिक हैं। ऐसे में आप अपने परिवार की हिफाजत कर सकते हैं। संक्रमण के इस दौर में लापरवाही नुकसानदायक हो सकती है। जिले के सभी सीएसचसी और पीएससी में कोविड टेस्ट की सुविधा मौजूद है। जिले में कोविड संक्रमण को रोकने के लिए नि:शुल्क बूस्टर डोज की व्यवस्था 30 सितंबर तक की गयी है। इस अवधि में टीकाकृत होकर स्वंय और समाज को कोविड के खतरे से बचाएं।

निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने कुरूद स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड का किया निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने आज कुरूद के पूर्व ट्रेंचिंग ग्राउंड का निरीक्षण किया। उन्होंने एक बड़े भूभाग के बेहतर उपयोग के लिए किस प्रकार की प्लानिंग की जा सकती है इसकी कार्य योजना तैयार करने के निर्देश जोन कमिश्नर को दिए। उल्लेखनीय है कि लगभग 15 से 16 एकड़ में कुरूद में ट्रेंचिंग ग्राउंड निर्मित हो गया था, तब की स्थिति में एसएलआरएम सेंटर भिलाई में पूर्ण रूप से विकसित नहीं हुआ था। कुरूद के ट्रेंचिंग ग्राउंड में कचरे का ढेर हुआ करता था।

कचरे के पहाड़ का ढेर को समाप्त करने के लिए बायोरेमेडीएशन का सहारा लिया गया। धीरे-धीरे कर बायोरेमेडीएशन से कचरे का पूर्ण रूप से सफाया कर खाद के रूप में तब्दील किया गया। इसके बाद से यह स्थल जो कभी जाने लायक नहीं हुआ करता था वह स्थल अब स्वच्छ स्थल बन चुका है। इस स्थल पर निगम की योजनाओं के विशेष कार्यों को संपादन करने के लिए किया जा सकता है। आयुक्त ने वर्तमान में आवारा पशु को रखने के लिए प्राइमरी प्लानिंग पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि एक बड़े भूखंड का उपयोग निगम के विभिन्न प्रयोजनों के लिए किया जा सकता है, इसकी कार्य योजना तैयार कर प्रस्तुत करने उन्होंने कहा। उल्लेखनीय है कि महापौर नीरज पाल ने स्वच्छ और सुंदर भिलाई के तहत कार्य करने के निर्देश अधिकारियों को दिए है। आयुक्त ने कुरूद स्थित एसएलआरएम सेंटर का भी निरीक्षण किया, उन्होंने डोर टू डोर कचरा कलेक्शन को एसएलआरएम सेंटर में लाकर सुखा व गीला कचरा की पृथकीकरण की गतिविधि देखी। सुखा कचरा को अलग-अलग उनके कैटेगरी के मुताबिक पात्र में रखा जा रहा है वही गीले कचरे से खाद का निर्माण किया जा रहा है। समीप ही एक नया कचरा पृथकीकरण तैयार किया गया है। आयुक्त ने शीघ्र इस प्रारंभ करने के निर्देश दिए। वही इस स्थल पर गोधन न्याय केंद्र के तहत गोबर खरीदी की जा रही है और गोबर से कंपोस्ट निर्माण किया जा रहा है। आयुक्त ने सुव्यवस्थित तरीके से कंपोस्ट निर्माण करने के निर्देश दिए तथा नियमित मॉनिटरिंग करने अधिकारियों को कहा। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, जोन आयुक्त पूजा पिल्ले, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा आदि मौजूद रहे।

खास खबर

राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में पर्यावरण एवं जलवायु जागरूकता व संरक्षण के लिए किया जाएगा टास्क फोर्स का गठन

रायपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके के निर्देश पर राज्य के सभी शासकीय व निजी विश्वविद्यालयों में पर्यावरण एवं जलवायु पर जागरूकता एवं संरक्षण हेतु टास्क फोर्स के गठन के लिए राजभवन सचिवालय द्वारा सभी विश्वविद्यालयों को पत्र भेजा गया है। उल्लेखनीय है कि नवम्बर 2021 में राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली में संपन्न गवर्नर कांफ्रेंस में प्राप्त निर्देशों के तारतम्य में राजभवन सचिवालय द्वारा समस्त विश्वविद्यालयों को यह पत्र निर्गत किया गया है। अनुसार वर्ष 2030 तक देश के पर्यावरण को स्वच्छ रखने और देश के आर्थिक विकास के लिए नवीकरणीय ऊर्जा के संबंध में लक्ष्यों के प्राप्ति हेतु विद्यार्थियों को जोडने् के लिए सभी विश्वविद्यालयों में टास्क फोर्स का गठन किया जायेगा। इस संबंध में समस्त विश्वविद्यालयों को जल्द टास्क फोर्स का गठन करने एवं टास्क फोर्स द्वारा कृत कार्यो का प्रतिवेदन प्रत्येक माह में समयसीमा के अंदर राजभवन सचिवालय प्रेषित करने को निर्देशित किया गया है।

युवाओं के प्रयास से नया राशन कार्ड वितरण किया गया

गरियाबंद। युवा कांग्रेस ग्रामीण ब्लाक अध्यक्ष एवं वैध राज संघ जिला सचिव गरियाबंद यशवंत कुमार यादव के प्रयासों से नया राशन कार्ड बनाया गया जिससे हितग्राही में खुशी की लहर है । ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत धवलपुर के युगेशवरी सिन्हा ,राजेश्वरी यादव,ओमकुमारी यादव,घोमेशवरी मोगरे, रामसिह यादव के पास पास राशन कार्ड नहीं होने के कारण शासन से मिलने वाले फायदे जैसे चावल,चना,नमक,मिट्टी तेल का फायदा नहीं मिल रहा था।

एनजीजीबी का इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार

युद्धस्तर पर किया जाएगा दूसरे फेस का कार्यः कृषि सलाहकार प्रदीप शर्मा

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। एनजीजीबी योजना के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार, सभी गौठानों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त और पुराने नरवे एवं नालों का जीर्णोद्धार कर शासन इस योजना के दूसरे फेस में पहुंच गई है ऐसा प्रदीप शर्मा ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में संचालित हो रही मीटिंग में कहा। मीटिंग कृषि सलाहकार प्रदीप शर्मा की अध्यक्षता व पूर्व मुख्य सचिव अजय सिंह और भारतीय वन सेवा के पूर्व अधिकारी केएस सुब्रमण्यम की उपस्थिति में जिले के सर्व विभाग प्रमुखों के साथ की गई।

मीटिंग में जिले में संचालित 295 सक्रिय गौठानों, कुल पंजीकृत पशुपालकों और अभी तक क्रय किए गए गोबर के संबंध में गहन चर्चा की गई। इसके अलावा गौठान समिति को मजबूत करने व व्यवस्थित करने, बाड़ियों में काम करने वाली एसएचजी समूह को गौठान की बाड़ियों के साथ-साथ घर की बाड़ियों के लिए भी डीएमएफ के माध्यम से बीज उपलब्ध कराने को लेकर, बैलों को नियोजित करने को लेकर दइहान के संबंध में भी विस्तृत चर्चा की गई।

स्व सहायता समूह व स्वच्छताग्राही दीदियां करेंगी गोबर खरीदी का कार्य

बैठक में अपनी चर्चा में प्रदीप शर्मा ने बताया कि शासन जिले में गोधन व गौठान योजना पर और सक्रियता चाहता है, ग्रामीण व शहरी अर्थव्यवस्था दोनों में प्रति व्यक्ति की आय में और वृद्धि हो ताकि निम्न वर्ग के जीवन का बेहतर निर्वहन हो सके, इसके लिए सरकार कर्तव्यबद्ध है। ऐसा देखने को मिला है कि कई प्राइवेट पशु पालक और डेयरी फार्म के संचालक अपने पशुधन के गोबर को गौठान तक नहीं पहुंचा पा रहे। इसलिए इस योजना की अगली कड़ी में स्व सहायता समूह व स्वच्छताग्राही दीदियों के द्वारा गोबर खरीदी के कार्य को संपादित कराया जाएगा। प्रति किलो गोबर खरीदी के पीछे हितग्राहियों को 2 रूपए दिए जाते हैं। जिसमें से एसएचजी व स्वच्छताग्राही दीदियों को उसी 2 रूपए से प्रति किलो गोबर के पीछे 50 पैसे की मजदूरी प्राप्त होगी।

पशुधन पंजीयन कार्य में लायी जाएगी तेजी

दुर्ग जिले को दुधारू जिला भी कहा गया है। यहां कृषि कार्य के साथ-साथ डेयरी के लिए भी बड़ी संख्या में पशुओं को पाला जाता है। मीटिंग में प्रदीप शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में पशुधन के पंजीयन कार्य को युद्धस्तर पर किया जाए ताकि सभी को शासन की इस महत्वकांक्षी योजना से लाभ मिल सके। इसके लिए भी उन्होंने एसएचजी की टीम गठित करने की बात कही जिसमें स्व सहायता समूह की महिलाएं अपने गांव के प्रत्येक घर में उपलब्ध पशु के पंजीकरण का कार्य करेंगी।

इस अवसर पर पूर्व मुख्य सचिव अजय सिंह ने दुर्ग जिले के प्रशासनिक दल की तारीफ की प्रशासन तंत्र को प्रेरक बनने की सलाह दी और शासन की योजनाओं एवं गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की। भारतीय वन सेवा के पूर्व अधिकारी केएस सुब्रमण्यम ने भी उपस्थित प्रशासनिक अधिकारियों को स्थानीय लोगों के साथ मिलकर उनके हित में कार्य करने की सलाह दी। इस अवसर पर कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने कृषि सलाहकार प्रदीप शर्मा पूर्व मुख्य सचिव अजय सिंह और भारतीय वन सेवा के पूर्व अधिकारी केएस सुब्रमण्यम को उनके मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद दिया।

बैठक में जिला पंचायत सीइओ अश्वनी देवांगन, एसडीएम दुर्ग मुकेश रावटे, एसडीएम पाटन विपुल गुप्ता, एसडीएम धमधा बृजेश क्षत्रिय, दुर्ग नगर निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

आयुक्त अफसरों के साथ पहुंचे गौठान, व्यवस्था सुधारने दिये निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। निगम सीमान्तर्गत पुलगांव गोकुल नगर स्थित गौठान में आयुक्त प्रकाश सर्वे पहुंचे। इस दौरान कार्यपालन अभियंता प्रमोद दुबे, प्रभारी कार्यपालन अभियंता एसडी शर्मा, सहायक अभियंता वीपी मिश्रा, उपअभियंता विनोद मांझी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता के अलावा ठेकेदार के साथ उन्होंने सम्पूर्ण गौठान एव गोकुल नगर का भ्रमण कर सभी उत्पादों का बारिकी से अवलोकन किया और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने गौठान निरीक्षण के दौरान गौठान के निर्मित शेड में स्व सहायता समूह के लिए लाइवलीहुड एक्टिविटी तत्काल प्रारंभ किये जाने हेतु अफसरों को निर्देशित किया साथ गौठान के संचालन कल्याणम महिला स्व सहायता को गौ वंशो की देखरेख एवं साफव्यवस्था बनाए रखने को कहा गया।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशा के अनुरूप गौठान को संचालित करने तथा गौठान के हर क्षेत्र का अच्छे से उपयोग कर मुर्गी पालन, बतख पालन, दूध उत्पादन जैसे कार्य भी किये जा रहे है। गौठान में कार्यरत कल्याणी महिला स्व सहायता समूह को घरेलू उत्पाद को बढ़ावा देने लगातार विभिन्न कार्य किए जा रहे है। आयुक्त प्रकाश सर्वे ने गौठान के संबंध में स्व सहायता समूह गायत्री धोटे से चर्चा कर जानकारी ली।

उन्होंने गोधन न्याय योजना को एक महत्वकांक्षी परियोजना बताया एवं इस परियोजना के तहत गौठान एक लधु औद्योगिक केंद्र की तरह विकसित हो ऐसा प्रयास करने के लिए कहा,मत्स्य पालन,अदरक हल्दी कोचई की खेती, आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों का एक नर्सरी साथ ही पंचगव्य से बनी चीज़े जैसे धूपबत्ती, दीये, गोनाइल, गमले, राखियाँ, वाल हैंगिंग, मूर्तियां, जैविक खाद, जीवामृत, घनामृत एवं अन्य उत्पादों को बड़े स्तर पर बनाने एवं विपणन की बात कही।

द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति बनने पर ढोल नगाड़े के साथ पटाखे फोड़कर मनाई खुशियां

श्रीकंचपथ न्यूज

जगदलपुर। भारतीय जनता युवा मोर्चा की चित्रकोट विधानसभा स्तरीय बैठक तोकापाल में संपन्न हुई बैठक में कांग्रेस सरकार के द्वारा युवाओं से की जा रही वादा खिलाफी के विरोध में होने जा रहे 24 अगस्त तक के आंदोलन धरना प्रदर्शन जैसे कार्यक्रमों की कार्य योजना के विषय पर विस्तृत चर्चा कर रणनीति तैयार की गई। बैठक के पश्चात द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति बनने पर ढोल नगाड़े व पटाखे फोड़कर खुशियां मनाई गई।

इस बैठक पर मुख्य रूप से उपस्थित हुए बस्तर जिला के प्रभारी लोकेश कावड़िया ने कहा की अब समय आ गया है चित्रकूट विधानसभा के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता स्थानीय कांग्रेस के विधायक और यहां के सांसद से युवाओं से हो रही वादा खिलाफी को जल्द पूरा करने के लिए हुंकार भरे, स्थानीय कांग्रेस के जनप्रतिनिधि अब युवाओं से दूर भाग रहे हैं ताकि स्थानीय युवा इनसे अपनी मांगों को पूरा करने की कोशिश ना कर पाए।

बैठक में पूर्व विधायक बैदूराम कश्यप,पूर्व विधायक लच्छूराम कश्यप,भाजयुमो के जिला अध्यक्ष अविनाश वास्तव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र पांडे, जिला महामंत्री वेद प्रकाश पांडे जिला पंचायत सदस्य रैतु बघेल, संग्राम सिंह राणा,नारायण ठाकुर, नरसिंह ठाकुर,रितेश दास जोशी, लच्छीन यादव, बसंत कश्यप,जीवनाथ मौर्य दुर्जन कश्यप,विमल पांडे, शैलेंद्र सेठिया,चंद्रकांत भंडारी, गणेश नागवंशी,विकेश नाथ,रमन चौहान रोहित कश्यप, महादेव कवासी, देवी प्रसाद बेंजाम,संतोष ठाकुर सहित भाजपा,भाजयुमो के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

ॐ साईं राम
माँ पुस्तक भंडार
स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65

Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

खास खबर

मुख्यमंत्री नोनी सशक्तीकरण योजना मजदूरों की 1464 बेटियों को मिला फायदा

रायपुर। श्रम विभाग की मुख्यमंत्री नोनी सशक्तीकरण सहायता योजना के माध्यम से प्रदेश में 1464 से अधिक श्रमिकों की बेटियों को फायदा पहुंचाया गया है। इन बेटियों के बैंक खातों में करीब तीन करोड़ रूपये की राशि अंतरित की गई है। योजना के तहत पात्र श्रमिकों की बेटियों को आत्मनिर्भर व सशक्त बनाने के लिए 20-20 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि दी जाती है।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य के विकास के तहत श्रमिकों के जीवन स्तर में सुधार तथा आर्थिक तथा सामाजिक उत्थान के लिए अनेक संचालित की जा रही है। मुख्यमंत्री नोनी सशक्तीकरण योजना का उद्देश्य श्रमिकों की बेटियों को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाना है। इस योजना में छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल में पंजीकृत श्रमिक पात्र है। योजना का लाभ लेने के लिए श्रमिकों को विभाग के अधिकारिक वेबसाइट बहसंइवनतण्दपबण्पद पर ऑन लाइन पंजीयन कराना होता है। उल्लेखनीय है कि श्रमिक, मजदूर परिवार के आर्थिक और सामाजिक रूप से काफी कमजोर होने से बच्चों खास तौर पर बेटियों को अपनी पढ़ाई-लिखाई बीच में ही छोड़ देनी पड़ती है। ऐसी बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से तथा उन्हें शिक्षा, रोजगार, स्वरोजगार तथा उनके विवाह के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री नोनी सशक्तीकरण सहायता योजना के तहत पात्र श्रमिक परिवार की प्रथम दो बेटियों जिनकी उम्र न्यूनतम 18 वर्ष और 21 वर्ष से अधिक न हो तथा वह अविवाहित हो तथा ऐसे हितग्राही श्रमिक जिन्होंने मंडल की पूर्व में संचालित मिनीमाता कन्या विवाह योजना का लाभ ना लिया हो, को लाभान्वित किया जाता है। यह भी जरूरी है कि पंजीकृत निर्माण श्रमिक की पुत्री कम से कम 10 वीं क्लास पास हो। निर्माण श्रमिक की दो पुत्री को ही दिए जाने का प्रावधान है।

छत्तीसगढ़ में अब तक 448.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज

रायपुर। राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2022 से अब तक राज्य में 448.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून से 21 जुलाई तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1144.1 मिमी और बलरामपुर जिले में सबसे कम 152.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सरगुजा में 161.8 मिमी, सूरजपुर में 240.2 मिमी, जशपुर में 181.6 मिमी, कोरिया में 251.1 मिमी, रायपुर में 311.2 मिमी, बलौदाबाजार में 413.4 मिमी, गरियाबंद में 528.7 मिमी, महासमुंद में 467.5 मिमी, धमतरी में 550.9 मिमी, बिलासपुर में 460.6 मिमी, मुंगेली में 500.0 मिमी, रायगढ़ में 383.9 मिमी, जांजगीर-चांपा में 516.6 मिमी, कोरबा में 333.8 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 451.4 मिमी, दुर्ग में 433.7 मिमी, कबीरधाम में 426.4 मिमी, राजनांदगांव में 513.3 मिमी, बालोद में 609.2 मिमी, बेमेतरा में 326.4 मिमी, बस्तर में 559.3 मिमी, कोण्डागांव में 542.3 मिमी, कांकेर में 642.8 मिमी, नारायणपुर में 467.7 मिमी, दंतेवाड़ा में 552.0 मिमी और सुकमा में 443.9 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की गई।

च्वाईस सेंटरों में पंजीयन के लिए शुल्क निर्धारित

रायपुर। सहायक श्रमायुक्त ने बताया कि श्रम विभाग अंतर्गत छ.ग. भवन एवं अन्य संन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल एवं छ.ग. असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल के अंतर्गत श्रमिकों के श्रमिक पंजीयन, नवीनीकरण एवं विभिन्न योजनाओं के आवेदन ऑनलाईन लिये जाते है। किसी भी पात्र हितग्राही को च्वाईस सेंटरों या संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा श्रमिकों से पंजीयन व योजना के आवेदन हेतु पैसों की मांग नहीं की जा सकती। हितग्राहियों द्वारा प्रस्तुत आवेदनों का समय-सीमा में परीक्षण कर निराकरण किया जाता है। सहायक श्रमायुक्त ने हितग्राहियों से अपील है कि च्वाईस सेंटर में लगने वाले निर्धारित शुल्क को छोड़कर पंजीयन एवं योजना स्वीकृत कराने के लिए किसी के झांसे में ना आए। च्वाईस सेंटर या संदिग्ध व्यक्ति द्वारा पैसे की मांग करने की स्थिति में सहायक श्रमायुक्त कार्यालय को सूचित करें।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था में 20 फीसद की दर से होगा विकास

छत्तीसगढ़ सरकार की नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी योजना इसे साकार करने में होगी सहायक

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। भविष्य की आकस्मिकताओं का पूर्वाभास कर, जनहित के उद्देश्य को पूरा करने के लिए छत्तीसगढ़ शासन ने नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी (एनजीजीबी) योजना के तहत ग्रामीण अर्थव्यवस्था को विकसित करने के लिए एक ऐसा इकोसिस्टम बनाया है। जिससे ग्रामीण व्यवस्था की विकास दर को 20 प्रतिशत तक बढ़ाया जा सके। यह बातें मुख्यमंत्री के कृषि सलाहकार प्रदीप शर्मा ने आज दुर्ग जिले में आजीविका गतिविधियों, गौठान में हो रहे कार्यों और नरवा की स्थिति का जायजा लेने के दौरान कही। उनके साथ नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी विकास का जायजा लेने योजना आयोग के उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्य सचिव अजय सिंह व भारतीय वन सेवा के पूर्व अधिकारी के एस सुब्रमण्यम पहुंचे भी दुर्ग पहुंचे थे। इंडस्ट्री के साथ टाईअप कर समूह को किया जाएगा और सशक्त- सबसे पहले कृषि सलाहकार के साथ आई टीम ने सांकरा में स्थापित अजीविका केंद्र का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने वहां के संगठन की दीदियों द्वारा संचालित आयमूलक गतिविधियों के बारे में जानकारी ली और उनके द्वारा निर्मित उत्पाद अष्टगंध, हर्बल गुलाल, शुद्ध आम की लकड़ी की हवन समिधा, प्राकृतिक जड़ी-बूटी से निर्मित दशांगधूप, माता रानी की चुनरी इत्यादि के सेंपल देखे। इस अवसर पर सलाहकार शर्मा ने जिला पंचायत सीईओ अश्वनी देवांगन से संगठन में

कार्यरत दीदिओं की संख्या को बढ़ाने और इनके द्वारा संचालित आजीविका मूलक गतिविधियों में युवाओं की भी भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने कहा आज इंडस्ट्री का ध्यान उसकी सेल की ओर ज्यादा केंद्रित रहता है और उन्हें कार्य के लिए अधिक से अधिक हाथों की आवश्यकता होती है। ऐसे में ग्रामीण महिलाओं को और युवाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें इंडस्ट्री के साथ टाईअप कर रोजगार मुहैया करा सकते हैं। इस तरह ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सशक्तीकरण की ओर शासन की एक और पहल होगी। इसके लिए सांकरा में प्रशिक्षण सेटअप भी तैयार किया जाएगा, जिससे सैकड़ों दीदियां व युवक प्रशिक्षण प्राप्त कर जीवन निर्वाह के लिए अपने आप को तैयार करेंगे।

जीएमपी सर्टिफिकेशन के लिए भेजा जाएगा पतोरा में निर्मित अर्क का सेंपल- पतोरा के आजीविका केंद्र में बनने वाले गौधन अर्क, तुलसी अर्क और गुलाब अर्क को जी.एम.पी. सर्टिफिकेशन के लिए लैब भेजा जाएगा, ताकि इसे ओपन मार्केट में बेचा जा सके। इस अवसर पर प्रदीप शर्मा ने निरीक्षण में अर्क का शोधन करने वाले लैब में अग्निशमक रखने का निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचाव हो सके। इसके अलावा रायपुर टीम द्वारा केन्द्र में संचालित बोरी सिलाई केन्द्र का निरीक्षण भी किया गया, जिसकी सभी ने तारीफ की।

रायपुर से आई टीम ने पाटन के महुदा गौठान के अध्यक्ष, स्व सहायता समूह की दीदियों और चारवाहों के साथ चर्चा की। यहां सलाहकार प्रदीप शर्मा ने लावारिश गायों को चिन्हित करने के लिए उनके सिंग में रंग करने की सलाह संबंधित अधिकारियों को दी, ताकि गौठान में पशुओं का वर्गीकरण सही तरीके से किया जा सके। ग्राम खुड़मुड़ी के रूही उफ्रा नाला व ग्राम तुलसी में लोहरसिंग से ठाकुरटोला तक निर्मित नाले का निरीक्षण भी टीम द्वारा किया गया। उन्होंने नाले के किनारों में प्लांटेशन के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीइओ अश्वनी देवांगन, पाटन एसडीएम विपुल गुप्ता, जनप्रतिनिधि एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

राज्य में शुरू होंगे एक हजार क्षेत्रीय परिवहन सुविधा केन्द्र

रायपुर शहर में खुलेंगे 40 केन्द्र 12 स्थानों में केन्द्र शुरू

लोगों को मिल रही ड्राइविंग लाइसेंस सहित विभिन्न सुविधाएं

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है, जहां आसानी से लोगों को ड्राइविंग लाइसेंस एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए क्षेत्रीय परिवहन सुविधा केन्द्र शुरू किए जा रहे हैं। राज्य में एक हजार क्षेत्रीय परिवहन सुविधा केंद्र खोलने की योजना है। इस पर काम शुरू कर दिया गया है। अकेले रायपुर में 40 केंद्र खुल रहे हैं। करीब एक दर्जन जगहों पर इसकी शुरूआत भी हो चुकी है, जहां लोगों को परिवहन संबंधी विभिन्न सुविधाएं मिल रही हैं।

परिवहन विभाग के अंतर्गत शुरू किए जा रहे क्षेत्रीय परिवहन सुविधा केन्द्रों से छत्तीसगढ़ के लोगों को ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने या अन्य परिवहन सम्बंधित काम के लिए अब आरटीओ कार्यालय के चक्कर काटने की जरूरत

नहीं होगी। इन केंद्रों के खुलने से लोगों को न केवल एजेंटो से छुटकारा मिलेगा, बल्कि घर के नजदीक ही परिवहन से संबंधित तमाम कार्य भी पूरे हो जाएंगे।

क्या है परिवहन सुविधा केंद्र

क्षेत्रीय परिवहन सुविधा केंद्र के संचालक विजय मिश्रा बताते हैं कि, 'लाइसेंस के लिए लोगों को बहुत ज्यादा भटकना पड़ता था, लेकिन सरकार ने अलग-अलग इलाकों के लिए परिवहन सुविधा केंद्र खोल दिया है। पहले लोगों को लाइसेंस के लिए करीब 15 किमी दूर आरटीओ दफ्तर जाना होता था, जहां सुबह से शाम तक लाइन में खड़े रहते थे। जिसकी वजह से बहुत से लोग एजेंडों के चंगुल में फंस जाते थे। लेकिन क्षेत्रीय परिवहन सुविधा केंद्र के खुलने से लोगों को लाइसेंस एवं अन्य परिवहन संबंधी सुविधाओं का लाभ आसानी से मिल रहा है। वर्तमान में इन केन्द्रों में लर्निंग लाइसेंस तैयार करने का काम हो रहा है। इसके अलावा नाम ट्रांसफर के लिए रसीद भी काटी जाती है। भविष्य में अन्य सेवाएं भी यहां जल्द उपलब्ध होंगी।

आसानी से बन रहे लर्निंग लाइसेंस

रायपुर के न्यू राजेन्द्र नगर निवासी बलदेव बिसरा बताते हैं, ''मेरा लाइसेंस नहीं बना था। लाइसेंस बनवाने के लिए मुझे बहुत ज्यादा भटकना पड़ा, बावजूद इसके मेरा लाइसेंस नहीं बन पाया था। घर के नजदीक परिवहन सुविधा केंद्र खुलने की जानकारी मिली। यहां आकर मैनें आवेदन दिया। मेरा लर्निंग जल्द ही बनकर तैयार हो गया। पहले कई बार लाइसेंस बनवाने के लिए भनपुरी स्थित आरटीओ दफ्तर जाना पड़ा। लाइसेंस के लिए बहुत ज्यादा भटकना पड़ा। इस बीच दो से तीन बार चालान भी कट गया। घर के नजदीक केंद्र खुलने से बहुत अच्छी सुविधा मिल रही है।

पॉयलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू हुआ एफजीआर पोर्टल

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं मौसम आधारित फसल बीमा के संबंध में किसानों की शिकायतों की ऑनलाईन सुनवाई एवं निदान के लिए तैयार किया गया किसान शिकायत निवारण पोर्टल (एफजीआर) पॉयलट प्रोजेक्ट के रूप में आज 21 जुलाई से छत्तीसगढ़ राज्य में लांच किया गया। शिकायतों के निदान में इस पोर्टल की उपयोगिता और मूल्यांकन के बाद यह देश के सभी राज्यों में लागू किया जाएगा। इस पोर्टल के शुरू होने से अब किसानों को फसल बीमा संबंधी शिकायतों के निराकरण के लिए किसी कार्यालय और अधिकारी का चक्कर काटने की जरूरत नहीं होगी, न ही लिखित में आवेदन देना होगा। किसान भाई टोल-फ्री नम्बर 14447 पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है, जिसका निदान तत्परता से किया जाएगा। किसान अपनी शिकायतों के निदान की जानकारी भी पोर्टल के जरिए प्राप्त कर सकेंगे।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, भारत सरकार के संयुक्त सचिव एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी रितेश चौहान, मुख्य कार्यपालन अधिकारी सीएससी डॉ. दिनेश कुमार त्यागी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एफजीआर पोर्टल के बीटा वर्जन का छत्तीसगढ़ में शुभारंभ करते हुए कहा कि देश में सबसे पहले छत्तीसगढ़ राज्य में इसे पॉयलट प्रोजेक्ट के रूप में लांच किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य को इस पोर्टल के पॉयलट प्रोजेक्ट के रूप में चयन राज्य में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के क्रियान्वयन में उल्लेखनीय उपलब्धियों को देखते हुए किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य फसल बीमा के क्रियान्वयन में देश के अग्रणी राज्यों में से एक है। छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है, जिसने अपने किसानों को रबी सीजन 2022 के फसल बीमा दावा राशि का भुगतान देश में सबसे पहले किया है।

एफजीआर पोर्टल के शुभारंभ कार्यक्रम में कृषि उत्पादन आयुक्त छत्तीसगढ़ डॉ. कमलप्रीत सिंह, संचालक कृषि यशवंत कुमार, संयुक्त सचिव केसी पैकरा, अपर संचालक अभियांत्रिकी जीके पिड़िहा, अपर संचालक उद्यानिकी भूपेन्द्र कुमार पांडेय, संयुक्त संचालक कृषि बीके मिश्रा एवं जिला स्तर के अधिकारी तथा बीमा कंपनी के प्रतिनिधि भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए।

किसान शिकायत निवारण (एफजीआर) पोर्टल में फसल बीमा से संबंधित शिकायत दर्ज कराने हेतु किसान को 14447 टोल-फ्री नंबर पर कॉल करना होगा। कॉल करने के पश्चात् कृषक से शिकायत संबंधित जानकारी कॉल सेन्टर द्वारा ली जावेगी। इसके पश्चात् शिकायत का विवरण संबंधित बीमा कंपनी को प्रेषित कर निर्धारित समय-सीमा में निराकरण करने हेतु निर्देशित किया जायेगा। किसान शिकायत निवारण पोर्टल के संचालन होने के किसानों को अब फसल बीमा संबंधी शिकायतों के लिए न तो कार्यालयों और अधिकारियों के चक्कर लगाने पड़ेगें न ही लिखित में आवेदन देने की जरूरत होगी। वह टोल-फ्री नम्बर 14447 पर कॉल कर अपना शिकायत दर्ज करा सकेंगे।

जिला शिक्षा अधिकारियों को कक्षाओं में पियर लर्निंग को प्रमुखता से लागू कराने के निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

कक्षा की गतिविधियों में बच्चों की सक्रिय भागीदारी और साथ-साथ सीखने पर जोर

रायपुर। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा कक्षा में बच्चों के सीखने-सिखाने की प्रक्रिया को अधिक आसान और रूचिकर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। सीखने-सिखाने में बच्चों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश की सभी शालाओं में अब कक्षा में साथ-साथ सीखना अर्थात पियर लर्निंग पर जोर दिया जाएगा। इस प्रणाली को बच्चों के मध्य धीरे-धीरे लोकप्रिय बनाते हुए कक्षाओं में लागू किया जाएगा। इसके लिए जिलों में पेडागोज़ी में रूचि लेने वाले शिक्षकों के साथ मिलकर पियर लर्निंग पर आधारित सामग्री तैयार की जाएगी। साथ ही शिक्षकों का प्रशिक्षण के माध्यम से क्षमता विकास भी किया

जाएगा।

समग्र शिक्षा के प्रबंध संचालक नरेन्द्र दुग्गा द्वारा सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को कक्षाओं में पियर लर्निंग को प्रमुखता से लागू करवाने हेतु निर्देश जारी किया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि साथ-साथ सीखना प्रणाली को कक्षाओं में लागू करने के लिए ठोस रणनीति, विषय अध्यापन हेतु कार्ययोजना और शिक्षण विधियों के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी बहुत जरूरी है। पियर लर्निंग को कक्षाओं में लागू किए जाने हेतु पहले स्वयं शिक्षक अपने प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी में शामिल होकर एक दूसरे से सीखने का अभ्यास एवं अनुभव अच्छे से ले लेवें। बच्चों को पियर लर्निंग का शुरुआती अनुभव एवं अभ्यास कराने के लिए बस्ताविहीन शनिवार के दिन विभिन्न गतिविधियों में पियर लर्निंग अवसर को शामिल करें। जब बच्चों को पियर लर्निंग का अच्छा अनुभव हो जाए, उस स्थिति में इसे कक्षा में नियमित सीखने-सिखाने की प्रक्रिया में शामिल कर उपयोग में लाएं। शिक्षक अपनी डायरी में सिखाने संबंधी योजना को डिजाइन करते समय पियर लर्निंग का आवश्यक रूप से उल्लेख करें।

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटर प्यूरी फायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट कैम्प-2, भिलाई, न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

जीन्स
टी-शर्ट
शर्ट
ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

मोमोस नास्ता सेंटर...
थापा शुद्ध मोमोस सेंटर
फुल हाफ
वेज मोमोस 40/- 20/-
मनचुरियन मोमोस 50/- 30/-
पनीर मोमोस 60/- 30/-
मोमोस-10, 20 और 30 रू. का भी मिलता है। शुद्ध बिना ऑयल का बना
मो.-9977690915, 7898349602
सर्कुलर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंग रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोन: 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

पैसे न होने के कारण सामंथा ने चुना एक्टिंग करियरःबोलीं-

फैमिली के पास मेरी हायर एजुकेशन के लिए पैसे नहीं थे

सामंथा रुथ प्रभु गुरुवार रात 'कॉफी विद करण' के सीजन 7 के एपिसोड में अक्षय कुमार के साथ नजर आई थीं। शो पर एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि वो एक्टिंग में इसलिए आईं, क्योंकि सामंथा की फैमिली के पास उनकी हायर एजुकेशन के लिए पैसे नहीं थे। साथ ही सामंथा ने बताया कि उनके पिता ने उन्हें पैसे देने से मना कर दिया था।

पढ़ाई के लिए पैसा न होने की वजह से चुना एक्टिंग करियर

करण ने जब सामंथा से पूछा कि क्या एक्टिंग में आना उनका सपना था। जिस पर एक्ट्रेस ने कहा, नहीं, ऐसा मैंने कभी नहीं सोचा था। दरअसल मेरे पास कोई चॉइस नहीं थी क्योंकि घर पर कुछ सही नहीं चल रहा था। हमारे पास आगे की पढ़ाई करने के लिए पैसे नहीं थे। जब मेरे पिता ने कहा कि 'मैं तुम्हारे फीस नहीं भर सकता', उसी वजह से मेरी लाइफ पूरी तरह बदल गई।

फीमेल एक्टर्स साथ काम करने में इनसिक्योर फील नहीं करती

जब अक्षय कुमार ने कहा कि मेल एक्टर्स को मल्टी स्टारर फिल्म करने में इनसिक्योरिटी फील होती है। इस पर सामंथा ने कहा कि फीमेल एक्टर्स के साथ ऐसा कुछ नहीं है। एक्ट्रेस ने कहा, आपको लगता होगा कि फीमेल एक्टर्स के साथ भी यही दिक्कत होगी, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं है। मैंने हाल ही में नयनतारा के साथ एक फिल्म की है और उनके साथ काम करने का एक्सपीरियंस बहुत अच्छा रहा।

शूट पर आखिरी दिन नयनतारा को गले लगाकर रो पड़ी थीं सामंथा

सामंथा ने आगे कहा, शूट के आखिरी दिन हम दोनों ने एक-दूसरे को हग किया और दोनों की आंखों में आंसू थे। हम दोनों ने साथ काम करते हुए बहुत अच्छा टाइम स्पेंड किया है। नयनतारा और सामंथा रुथ प्रभु 2022 में आई फिल्म 'काथुवकालु रेंधु कंधाल' में साथ नजर आई थीं। इस फिल्म में विजय सेतुपति भी लीड रोल में थे।

'अरेंजमेंट्स ऑफलव' में नजर आएंगी सामंथा

सामंथा के वर्कफ्रंट की बात करें तो एक्ट्रेस जल्द ही फिलिप जॉन के साथ 'अरेंजमेंट्स ऑफ लव' में नजर आएंगी। इस फिल्म में सामंथा एक बायसेक्शुअल कैरेक्टर का रोल प्ले करती दिखेंगी, जो खुद की डिटेक्टिव एजेंसी चलाती हैं। इसके अलावा उनके पास 'शकुंतलम', 'यशोदा' और 'खुशी' जैसी फिल्में हैं। एक्ट्रेस ने अपना डिजिटल डेब्यू 'द फैमिली मैन 2' से किया था।

देश में ताबड़तोड़ कमाई के बाद अब जापान में धूम मचाएगी राजामौली की फिल्म आरआरआर

मशहूर फिल्म मेकर एसएस राजामौली की फिल्म आरआरआर ने देश-विदेश में कई रिकॉर्ड कायम किए। फिल्म ने अपनी रिलीज के साथ ही ना सिर्फ ताबड़तोड़ कमाई की बल्कि लोगों की काफी प्रशंसा भी हासिल की। देश में कई रिकॉर्ड तोड़ने के बाद चर्चा में आई यह फिल्म अब एक बार फिर सुर्खियों में हैं। साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर और रामचरण स्टारर यह फिल्म ट्विटर पर भी ट्रेंड कर रही है। दरअसल, देश में कई रिकॉर्ड बनाने और जमकर कमाई करने के बाद अब यह फिल्म जापान में रिलीज होने को पूरी तरह से तैयार है।

हाल ही में सामने आई जानकारी के मुताबिक साउथ की यह सुपरहिट फिल्म अगले दो महीने यानी अक्टूबर में जापान में प्रदर्शित की जाएगी। जापान में फिल्म रिलीज की जानकारी देते हुए मेकर्स ने इसकी रिलीज डेट का भी खुलासा किया है। फिल्म के निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर करते हुए यह जानकारी सबके साथ साझा की। अपने पोस्ट में मेकर्स ने लिखा, यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि फिल्म आरआरआर 21

अक्टूबर, 2022 को जापान में रिलीज हो रही है।

इस जानकारी के सामने आते ही आरआरआर इन जापान हैशटैग ट्विटर पर ट्रेंड करने लगा है। यह फिल्म लगातार कई कीर्तिमान स्थापित कर रही है। हाल ही में ड्यून और डॉक्टर स्ट्रेंज के पटकथा लेखक जॉन स्पैहट्स ने इस फिल्म को खूब सराहा था। 1920 के दशक के आसपास बुनी गई फिल्म आरआरआर दो महान स्वतंत्रता सेनानियों अल्लूरी सीतारामराजू और कोमाराम भीम पर आधारित एक काल्पनिक कहानी है। फिल्म में राम चरण और जूनियर एनटीआर मुख्य भूमिकाओं में हैं, जबकि बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट, अभिनेता अजय देवगन, ओलिविया मॉरिस, समुथिरकानी, एलिसन डूडी, रे स्टीवेन्सन भी अहम किरदार निभाते दिखाई दिए हैं। फिल्म को समीक्षकों भारत और दुनिया भर में दर्शकों से भी जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली थी।

साल 2017 में आई ब्लॉकबस्टर फिल्म बाहुबली 2: द कन्क्लूजन के बाद आरआरआर एसएस राजामौली की पहली फिल्म थी, जिसने इतनी बड़ी सफलता हासिल की। फिल्म दुनिया भर में हिंदी, तमिल, तेलुगु और मलयालम में एक साथ रिलीज की गई। महामारी और लॉकडाउन के कारण फिल्म की रिलीज डेट को कई बार आगे बढ़ाया गया। वहीं, सिनेमाघरों में रिलीज होने के दो महीने बाद यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो चुकी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक आरआरआर (हिंदी) जून में दुनिया भर में नेटफ्लिक्स पर सबसे लोकप्रिय भारतीय फिल्म बनी है।

टाइगर और रश्मिका मंदाना की फिल्म को मिला नाम

बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2' के बाद एक बार फिर करण जौहर की धर्मा प्रोडक्शंस के साथ काम करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। टाइगर शशांक खेतान द्वारा निर्देशित एक्शन एंटरटेनर में नजर आएंगे। फिल्म में उनके साथ 'पुष्पा' फेम अभिनेत्री रश्मिका मंदाना दिखाई देंगी, जिसकी खबर पहले ही सामने आ गई थी। वहीं, अब फिल्म के नाम और इसकी शूटिंग को लेकर जानकारी सामने आई है।

2023 में होगी रिलीज

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार टाइगर श्रॉफ और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म का नाम 'स्क्रू ढीला' रखा

गया है। फिल्म का नाम टाइगर के किरदार को ध्यान में रखते हुए रखा है। टाइगर इस फिल्म में एक अलग किस्म का किरदार निभा रहे हैं, ऐसे में फिल्म का नाम भी थोड़ा अलग सा रखा गया है। फिल्म के लीड रोल कास्ट कर लिए गए हैं और नेगेटिव रोल के लिए तलाश जारी है। वहीं, कहा जा रहा है कि यह फिल्म अगले साल के मध्य तक रिलीज हो सकती है।

रिपोर्ट्स के अनुसार करण जौहर की फिल्म 'स्क्रू ढीला' की शूटिंग भारत और विदेश में की जाएगी। फिल्म का पहला शेड्यूल यूरोप में शुरू होने की उम्मीद है। टाइगर और रश्मिका दोनों ही इस शेड्यूल का हिस्सा होंगे। सूत्र के अनुसार इस फिल्म में एक्शन के साथ एक मजबूत कहानी भी है। इस तरह की कहानी में टाइगर को पहले नहीं देखा गया है।

रश्मिका मंदाना के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह 'गुडबॉय' से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। इस फिल्म में वह अमिताभ बच्चन के साथ नजर आएंगी। इसके अलावा वह रणबीर कपूर के साथ 'एनिमल' भी कर रही हैं। वहीं, टाइगर श्रॉफ ने 'गणपत' की शूटिंग पूरी की है, जिसमें वह कृति सेनन के साथ नजर आने वाले हैं।

दर्शकों को भा गई रणबीर कपूर की अदाकारी तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठे सिनेमाघर

चार साल के लंबे ब्रेक के बाद आखिरकार आज रणबीर कपूर की फिल्म शमशेरा बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हो गई है। जब से इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ है, तब से फैंस इसको देखने के लिए काफी उत्साहित हैं। ट्रेलर देखने के बाद से ही फिल्म में रणबीर की एक्टिंग की जमकर तारीफहो रही है। सिर्फ इतना ही नहीं ये भी कहा जा रहा है कि ओपनिंग डे पर ये फिल्म कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया 2 को कड़ी टक्कर दे सकती है। इस फिल्म में रणवीर के अलावा वाणी कपूर और संजय दत्त भी हैं। संजय दत्त जहां एक पुलिसवाले शुद्ध सिंह के किरदार में हैं तो वहीं वाणी कपूर ने डांसर का रोल निभाया है। फिल्म देखने के बाद दर्शकों की प्रतिक्रिया सामने आ गई है। लोगों को फिल्म काफी पसंद आ रही है।



शमशेरा भले ही आज रिलीज हुई हो, लेकिन इस फिल्म को हिट कराने के लिए मेकर्स ने 'भूल भुलैया 2' वाली ट्रिक अपनाई है। शेमशेरा के रिलीज होने से पहले ही सोमवार को मेकर्स ने इसकी एडवांस बुकिंग ओपन कर दी थी। एडवांस बुकिंग में शमशेरा ने 4.87 करोड़ का कारोबार कर लिया था। वहीं दर्शकों के अच्छे रिव्यू और एडवांस बुकिंग के कारोबार से अंदाजा लगाया जा सकता है कि ये भूल भुलैया 2 के बाद ये फिल्म भी सुपरहिट साबित हो सकती है।

फिल्म देखने के बाद एक ट्विटर यूजर ने कहा- ये बड़े का एक शानदार रोमांच है...इसे देखने के बाद आपका दिल पिघल जाएगा...और आपको इस फिल्म से प्यार हो जाएगा...विजुअल का कॉन्सेप्ट, डायरेक्शन और नि:संदेह रणबीर की परफॉर्मेंस जबरदस्त है।

वहीं दूसरे यूजर ने लिखा- एंगेजिंग...एंटरटेनमेंट...एक्सीलेंट...रणबीर का एंट्री सीन, ट्रेन का सीक्वेंस सभी कुछ बढ़िया और मसालेदार तरीके से क्लिक किया गया है। जनता के लिए बिल्कुल सही फिल्म है...इसमें कुछ बेहतरीन शॉट हैं...करण मल्होत्रा और पूरी टीम को बधाई। वहीं कई दर्शक तो थियेटर में बैठकर आधी फिल्म देखने के बाद ही इसे बेहतरीन बता रहे हैं।

एक दर्शक ने तो आधी फिल्म देखने के बाद ही इसके पांच में से साढ़े तीन की रेटिंग दे डाली है। उन्होंने लिखा- रणबीर की परफॉर्मेंस बेहतरीन है...सिनेमेटोग्राफी और वीएफएक्स अलग लेवेल का है। वहीं कुछ लोग इसे फ्लॉप फिल्म और कई लोग आमिर खान और अमिताभ बच्चन की फिल्म 'ठग ऑफ हिंदुस्तान' की तरह बता रहे हैं।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रिसाली

(सम्पत्तिकर विभाग)

क्रमांक/चार/तीन/सं.क.वि./2022/365 रिसाली, दिनांक 20/07/2022

//स्वामित्व के हस्तांतरण की सूचना//

इस ईश्तहार द्वारा हित रखने वाले हितग्राही हो एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 मे स्वत्वाधिकार के अंतरण के संबंध में निम्नलिखित हस्तांतरिती के नाम से जिसका की नगर पालिक निगम रिसाली के सम्पत्तिकर अभिलेख में हस्तांतरणकर्ता के स्थान पर नाम दर्ज किया जाना है। यदि किसी को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नहीं किया

क्रं	हस्तांतरणकर्ता का नाम	हस्तांतरिती का नाम	हस्तांतरण कास्वरूप	सम्पत्ति की स्थिति
1.	1.श्री राजकुमार शर्मा पिता-स्व.रजनीकान्तशर्मा 2.श्रीमती नलिनी शर्मा पति-राजकुमार शर्मा पता-ए-1,सड़क-5 आशीष नगर पश्चिम रिसाली तह व जिला- दुर्ग (छ0ग0)	संगीता देवागन पिता-श्री टीकम चंद देवागन पता-क्वा. न.-6ए/2, सड़क-2 सेक्टर-9 भिलाई तह व जिला-दुर्ग (छ0ग0)	बिक्रीनामा	आशीष नगर पश्चिम रिसाली प.ह.न. -19/22 ख.नं 420/97 है। कुल रकबा-1800 व.फी. है। निर्मित क्षेत्रफल भुतल -1058 प्रथमतल-1262 व.फी. आवा. है।
2.	एन.एस.आर.कृष्णामूर्ति पिता-स्व.एन.शाम्बामूर्ति पता-प्लाट न.-77/6ए, मैत्री नगर रिसाली तह व जिला-दुर्ग (छ.ग)	श्रीमती ममता सिंह पति-श्री रामनरेश सिंह पता-क्वा.न. -33/ए, सी.पॉकेट, मरोदा सेक्टर भिलाई तह व जिला-दुर्ग (छ.ग.)	बिक्रीनामा	मैत्रीनगर रिसाली प.ह.न.-19/22 ख. नं 511/6 है। कुल रकबा-2400 व. फी. है। निर्मित क्षेत्रफल भुतल 1077 व.फी. आवासीय है।
3.	श्री प्रमोद कुमार नेमा पिता-स्व.एस.एल.नेमा पता-इस्पात नगर रिसाली तह व जिला-दुर्ग छ0ग0	श्रीमती अंजली नेमा पति-स्व. प्रमोद कुमार नेमा पता-इस्पात नगर रिसाली तह व जिला-दुर्ग (छ0ग0)	वारिसान (पति की मृत्यु पश्चात)	इस्पात नगर रिसाली प.ह.न.-19/22 ख.न.-1016 /8रकबा-2120 है। निर्मित क्षेत्रफल प्रथमतल-1200 व.फी. एवं प्रथमतल-150 व.फी. आवा. है।
4.	श्रीमती सुनीता मूर्ति पति-स्व. नरसिंह मूर्ति पता-फ्लैट नं. -603 ए ब्लाक शुभकामना हाईट प्रगति नगर रिसाली तह व जिला-दुर्ग (छ0ग0)	श्रीमती संतोषी वर्मा पति-गोपेश कुमार पता-क्वा.न.-190, वार्ड-07 ढौर, थाना जामुल तह व जिला-दुर्ग (छ0ग0)	बिक्रीनामा	प्लाट नं.-4/23 इस्पात नगर रिसाली प.ह.न.-19 /22 ख.नं.-1031/37 रकबा-1320 व.फी. है। भूतल-1320 व.फि. आवासीय निर्मित है।
5.	देवव्रत कुमार शर्मा पिता-एन. एन.शर्मा पता- क्वा.न.-5बी, सडक-09 सेक्टर- 04 भिलाई तह व जिला-दुर्ग (छ0ग0)	श्रीमती अल्पना शर्मा पति-स्व. देवव्रत कुमार शर्मा पता- क्वा. न.-5बी, सडक-09 सेक्टर-04 भिलाई तह व जिला-दुर्ग (छ0ग0)	वारिसान (पति की मृत्यु पश्चात)	लक्ष्मी नगर रिसाली प्लाट -192 प.ह. न.-19/22 ख.नं.-1086/28 रकबा-0.020 हे0 है। निर्मित क्षेत्रफल भुतल-1240व.फी आवा. है।

संपत्तिकर अधिकारी
नगर पालिक निगम
रिसाली

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

SHRI SAI
COMMERCE COACHING
A Complete Commerce Solution
ONLINE CLASS
XI XII B.COM
CA/CS/CMA
Registration Open
KHOOBI SIR- Director
Sirsa Road, Kohka, Bhilai, Mo.-98935-82241
www.shri.sai.commercecoaching.com

YOGESH COMPUTER
Sales & Service
All Computer Peripherals & Repairing
Hardware
CCTV Camera
Networking
Software
Yogesh Sirame
Mo-9893342971
7748064280
Azad Chowk, Muktidham Road
Ramnagar, Supela, Bhilai
Email : sirameyogesh@gmail.com

Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER,
Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

खास खबर

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत ई-केवायसी 31 तक

बालोद। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत ई-केवायसी की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2022 निर्धारित की गई है। कृषि विभाग के उप संचालक ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ सही पात्र कृषकों को देने के उद्देश्य से ई-केवायसी करवाना अनिवार्य कर दिया है। इस हेतु पीएम किसान पोर्टल पर भी ई-केवायसी अपडेट के लिए आप्शन दिया गया है। ई-केवायसी करवाने हेतु पंजीकृत कृषक स्वयं पीएम पोर्टल में जाकर अपने आधार कार्ड नंबर का सत्यापन कर सकते है। या लोक सेवा केन्द्र, च्वाईस सेंटर के माध्यम से भी सत्यापन करवा सकते है। उन्होंने बताया कि जिले में इस योजना अंतर्गत अब तक 111711 किसानों के द्वारा ई-केवायसी पूर्ण हो चुका है। साथ ही अद्यतन स्थिति में 29121 किसानों के द्वारा ई-केवायसी कराया जाना शेष है। शासन द्वारा निर्धारित अंतिम तिथि 31 जुलाई तक आधार कार्ड नंबर का सत्यापन नही कराने वाले कृषकों को पीएम किसान सम्मान निधि की आगामी किश्त की राशि से वंचित हो सकते है। वे 31.07.2022 के पूर्व ई-केवायसी कराकर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

प्रदेश में एक दो स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी

रायपुर। प्रदेश में एक दो स्थानों पर बिजली गिरने तथा भारी बारिश होने की चेतावनी जारी की गई। वहीं 'यादतर स्थानों पर गरज चमक के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार आज 22 जुलाई को प्रदेश में एक दो स्थानों पर बिजली गिरने के साथ भारी वर्षा होने की संभावना है वहीं अधिकतर स्थानों पर गरज चमक के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। वहीं राजधानी रायपुर में बादल छाये रहेंगें तथा हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।

जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 29 को

बालोद। जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक का आयोजन 29 जुलाई 2022 को पूर्वान्ह 11 बजे जिला पंचायत के सभागार में आयोजित किया गया है। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका वास्तव ने सर्व संबंधितों से बैठक में उपस्थित होने की अपेक्षा की है।

केंद्र सरकार में भर्ती प्रक्रिया कोविड-19 महामारी के दौरान भी जारी रही : डॉ. जितेंद्र सिंह

श्रीकंचनपथ न्यूज

नई दिल्ली (पीआईबी)। केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष विभाग के राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार में भर्ती प्रक्रिया कोविड-19 महामारी के दौरान भी जारी रही है।

राज्यसभा के पटल पर रखे गए एक वक्तव्य में डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि केन्द्र सरकार में भर्ती निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। 2020-21 और 2021-22 के दौरान यूपीएससी, एसएससी और बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान, जिसे आईबीपीएस के नाम से जाना जाता है, द्वारा कुल 1,59,615 उम्मीदवारों का चयन किया गया। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी), कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) और बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान (आईबीपीएस) कोविड-19 सुरक्षा प्रोटोकॉल के सभी नियमों का अनुपालन करते हुए अपनी परीक्षाओं का आयोजन कर रहे हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान यूपीएससी, एसएससी और आईबीपीएस द्वारा निम्नलिखित भर्तियां की गई हैं: कोविड-19 महामारी के कारण सिविल सेवा परीक्षा (सीएसई) के लिए अपनी आयु में छूट प्राप्त करने और अपनी उम्मीदवारी के लिए अतिरिक्त मौका देने वाले विषयों पर, सिविल सेवा परीक्षा के उम्मीदवारों ने रिट याचिकाओं के माध्यम से इन विष्यों को सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष उठाया था। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित किए गए निर्णयों के आधार पर, इस मामलों पर विचार किया गया और सिविल सेवा परीक्षा के संबंध में प्रयासों की संख्या तथा आयु-सीमा के संबंध में मौजूदा प्रावधानों में किसी प्रकार के बदलाव को व्यवहार्य नहीं माना गया। जहां तक एसएससी द्वारा वर्ष 2022 में विज्ञापित की गई परीक्षाओं को आयोजन करने का संबंध है, एसएससी ने आयु निर्धारित करने की महत्वपूर्ण तिथि 01.01.2022 को निर्धारित करने का निर्णय लिया है।

सामान्य रूप से, इन परीक्षाओं के लिए आयु निर्धारित करने की महत्वपूर्ण तिथि 01.08.2022 या 01.01.2023 होगी, जो टियर-द्वद्व परीक्षा के आयोजन के समय-सारणी पर निर्भर करती है। जहां तक बैंकिंग क्षेत्र का संबंध है, चूंकि प्रत्येक वर्ष परीक्षाएं आयोजित की जाती है, इसलिए यहां पर आयु में छूट देने का कोई मुद्दा लागू नहीं होता है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम सहित मंत्री, विधायक, हजारों कार्यकर्ता विरोध में उतरे सड़कों पर

सोनिया गांधी को ईडी के बुलावे के विरोध में कांग्रेस का आक्रोश प्रदर्शन

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी को भेजे गये ईडी के सम्मन के विरोध में कांग्रेस ने राजधानी रायपुर में ईडी दफ्तर के सामने बड़ा विरोध प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम सहित मंत्रीगण, कांग्रेस के पदाधिकारी, विधायक गण, 25 हजार से अधिक संख्या में आये कांग्रेस के कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन में शामिल हुये। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि जो राजीव गांधी प्रधानमंत्री थे विपक्ष भाजपा थी। अटल बिहारी बाजपेयी बीमार पड़े जिसका ईलाज हिन्दुस्तान में नहीं हो सकता था।

विदेश में भेजकर प्रतिनिधिमंडल के नेतृत्व करा कर उनको अमेरिका भेजकर राजीव गांधी ने अटल बिहारी बाजपेयी का ईलाज करवाया। आज के प्रधानमंत्री उन्हीं स्व. राजीव गांधी की पत्नी सोनिया गांधी जो बीमार है, 75 वर्षीय है, उनसे लिखित में बयान ले सकते थे लेकिन ईडी के कार्यालय में बुलाकर उनको परेशान कर रहे। शर्म आनी चाहिये इन लोगों को प्रजातंत्र में लोकतंत्र में कभी कोई और सत्ता में रहते है कभी कोई और सत्ता में रहते है विपक्ष का सम्मान हमारे कांग्रेस पार्टी के नेता लोग करते थे। पूर्व प्रधानमंत्री की पत्नी कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी जो एक बार नहीं दो-दो बार के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनाई। चाहती तो वो प्रधानमंत्री बन सकते थी जो प्रधानमंत्री की कुर्सी थे एक बार नहीं दो दो बार ठोकर मारी है। उन्हें आरोप लगाकर ईडी कार्यालय बुलाये है मामला क्या है? मामला नेशनल हेराल्ड का है। वो नेशनल हेराल्ड जो आजादी के लड़ाई मे मूल अखबार था, वो नेशनल हेराल्ड पं. ज्वाहर लाल नेहरू, सरदार वल्लभ भाई पटेल, इन लोग स्थापित किये। अखबार को बचाने के लिये उसके कर्मचारी लोगों को वेतन देने के लिये, बिजली बिल पटाने के लिये, संपत्ति कर देने के लिये 90 करोड़ रूपये दिये। दस साल में दिया। 2002 से 2011 तक दिया। 100 किश्त में दस साल में 90 करोड़ रूपये दिया और नकदी से नही दिया चेक से दिया है। वो कर्मचारी जो दिन रात काम किये उनके वेतन भुगतान के लिये पैसा दिया। जहां अपराध हो रहे है उन्हे रोकने के लिये केन्द्रीय एजेंसी सीबीआई, ईडी, आईटी, ये सब बनी है न कि विरोधी को दबाने। हम लोग आज ईडी कार्यालय के सामने क्यों आये है? उनकी आंख को खोलने के लिये। जहां-जहां मनी लांड्रिंग हुआ वहां कार्यवाही किया जाये।

यही ईडी सोनिया गांधी के खिलाफ नेशनल हेराल्ड मामला में 2015 में कार्यवाही बंद कर दिया था। इसमें कोई मनी लांड्रिंग हुआ नहीं तो जांच कैसे करेंगे? कानून बना है यदि एफआईआर दर्ज हुआ तभी ईडी जायेंगे। ईडी वाले बता दे सोनिया गांधी और राहुल गांधी देश भर में कौन से थाना में एफआईआर दर्ज हुआ। इस सवाल का जवाब नहीं दिया। जब राहुल गांधी को 5 दिन तक ईडी के दफ्तर में बुलाकर पूछताछ किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि ईडी के पास 5 सवाल नहीं है। 55 घंटे पूछताछ किये है। 12-12 घंटा 5 दिन तक पूछताछ चला। ये भाजपा के नेता, केन्द्रीय मंत्री गलत बयान देते है। 2 हजार करोड़ का घोटाला हुआ कैसे पता चला? ईडी वाले किसी को बताते नहीं भाजपा को कैसे पता चला? सभी की बोलती बंद हो गयी। ईडी वाले जहां पूछताछ कर रहे थे राहुल गांधी से वहां एक-एक कैमरा लगाने बोला गया था। ईडी वाले पूछ क्या रहे और राहुल गांधी जवाब क्या दे रहे है? जनता के सामने सीधा प्रसारण करते लेकिन इतनी हिम्मत नहीं मोदी सरकार में।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ईडी वाले से पूछा कि रमन सिंह के बेटे अभिषेक सिंह पनामा पेपर में नाम आया है जिसकी शिकायत हुई है, रमन सिंह और अभिषेक सिंह 6 हजार करोड़ रूपया छत्तीसगढ़ के जनता का चिटफंड कंपनी को लूटा दिया। मनी लाड्रिंग हुआ है चिटफंड कंपनी के पैसा गरीब जनता के पैसा, मेहनत करने वाले के पैसा चिटफंड कंपनियां लूट कर ले गयी। मनी लाड्रिंग हुआ है। इसमें ईडी कार्यवाही क्यों नहीं करती? हिम्मत है तो पूर्व सीएम के बेटे और सीएम मैडम से पूछ के बताये। ईडी जांच कर रहा है 36,000 करोड़ के नान घोटाला के सीएम सर और सीएम मैडम कौन है कौन बतायेगा, ईडी कर्मचारी बता दें। जहां-जहां भारतीय जनता पार्टी की सरकार नहीं विरोधी मन के सरकार है। महाराष्ट्र में सरकार बदल गये वहां ईडी के कार्यालय नहीं वहां उनका छापा नहीं पड़ रहा है।

सीएमएचओ ने सारंगढ़ में बढ़ रहे उल्टी-दस्त के प्रकरणों की रोकथाम पर दिए आवश्यक निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायगढ़। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी की उपस्थिति में विकासखंड सारंगढ़ में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सारंगढ़ के समस्त चिकित्सा अधिकारी, सेक्टरइंचार्ज, सुपरवाइजर की बैठक हुई। इस मौके जिला टीकाकरण अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला आईडीएसपी नोडल अधिकारी द्वारा एवं जिला सलाहकार भी मौजूद रहे। जिसमें समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा किया गया। बैठक में जनसंख्या नियंत्रण पखवाड़े की प्रगति, हेल्थ वेलनेस सेंटरों की कार्यो की प्रगति, गैर संचारी रोग संबंधी की उपलब्धि की समीक्षा एवं अन्य सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा कर आवश्यकतानुसार निर्देश दिए गए। विकासखंड सारंगढ़ में बढ़ रहे उल्टी-दस्त के प्रकरणों के संबंध में इलाज संबंधी एवं प्रकरण को रोकने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोसीर व डायरिया प्रभावित गांव बटाउपाली का भी निरीक्षण किया गया। जहां समस्त ग्रामवासियों को उल्टी-दस्त से बचने के उपाय, साफ-सफाई, पानी को उबाल कर व क्लोरिन डालकर पीने एवं अन्य आवश्यक सावधानियों के बारें में जानकारी देकर सुरक्षा के उपायों को अपनाने हेतु अपील किया गया। विभाग के कर्मचारियों को सतत् निगरानी रखते हुए घर-घर भ्रमणकर एवं कैंप लगाकर आवश्यक दवाईयों के वितरण एवं संधारण करने निर्देश दिये गये तथा नये प्रकरण प्राप्त होने पर उच्चाधिकारियों को तत्काल सूचित करते हुए आवश्यकतानुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराने हेतु निर्देशित किया गया। कोसीर का औचक निरीक्षण किया गया जिसमें सभी मौसमी बीमारियों से संबंधित दवाईयों का संधारण करने एवं सभी कर्मचारियों को सर्तक रहते हुए मरीजों का आवश्यकतानुसार उपचार करने संबंधी दिशा-निर्देश दिये गये।

जगत में व्यक्ति प्रशंसा का भूखा है : आचार्य विशुद्ध सागर महाराज

श्रीकंचपथ न्यूज

रायपुर। सन्मति नगर फाफाडीह में जारी चातुर्मासिक प्रवचन माला में गुरुवार को आचार्य विशुद्ध सागर महाराज ने कहा कि संसार में पेट से बड़ा पेट कान का होता है। व्यक्ति भोजन को मना कर सकता है,लेकिन अपनी और अपनों की प्रशंसा के लिए कभी मना नहीं करता है। लाखों-करोड़ों कमाने वाला व्यक्ति लाखों-करोड़ों खर्च कर सकता है,लेकिन प्रशंसा होनी चाहिए। यह जगत विचित्र है। व्यक्ति मात्र अपनी प्रशंसा सुनने के लिए पूछ रहा है बुराई सुनने के लिए कोई नहीं पूछता। इसलिए जब भी कोई आपसे पूछे मेरा जीवन कैसा है, यदि आपने सत्य बता दिया तो वह व्यक्ति आपका दुश्मन हो जाएगा। पहले उस आदमी को पहचान लेना, वह सत्य

पूछना चाहता है या असत्य पूछना चाहता है।

आचार्य ने कहा कि जगत में सब नशवर है तो इन पर्याओं को बचाने के पीछे फिर ममत्व कैसा? इस देह से जब जाना ही है तो जीते जी दूसरों को क्यों परेशान करना। सुख से जियो और जीने दो। आपकों किसी ना किसी में दोष दो दिखता है,लेकिन दुनिया में सबसे बड़ा दोष तुम देख नहीं पा रहे हो। हर व्यक्ति को मरण करना पड़ता है,इसलिए इस देह से अलग होने से पहले,पर्याओं का विनाश होने से पहले परिणामों को संभाल लो। जिनसे कहासुनी हो चुकी है उनसे हाथ जोड़कर क्षमा मांग लो। देह बचाना धर्म नहीं,संपत्ति बचाना धर्म नहीं, लेकिन परिणाम संभालना धर्म है। आचार्य ने कहा कि जो जन्मा है उसका मरण होगा। जिसका मरण हुआ है उसका जन्म होगा। जब तक कर्म का अंत नहीं होता तब तक संसार में ऐसा ही चलेगा। जैसे नए वस्त्र मुस्कुराकर पहनते हो और पुराने वस्त्र मुस्कुरा कर छोड़ देते हो,ऐसे ही इस देह से विदा हो तो मुस्कुरा कर जाना,रो कर मत जाना। मुस्कुरा कर जाना समाधि मरण है और रोकर मरना कुमरण है। जीवन में ऐसा जिओ कि मुस्कुरा कर जाओ। मुनि सर्वार्थ सागर ने मंगल प्रवचन में कहा कि सिर्फ जिनवाणी सुनने से कल्याण नहीं होगा। जिनवाणी सुनकर उसे अपने जीवन में उतारना होगा। मुनि ने कहा कि जो भी कार्य करोगे उसमें दो कारण होते हैं पहला अंतरंग और दूसरा बहिरंग। अंतरंग मूल कारण होता है और बहिरंग सहकारी कारण होता है। आचार्य भगवंत सहकारी कारण है और हम मूल कारण है।

यदि हमारे अंदर योग्यता नहीं है तो आचार्य भगवंत कितना भी हमें पढ़ाएं और समझाएं व्यर्थ होगा। आचार्य भगवंत साइन बोर्ड की तरह है जो इंगित करते हैं, चलना हमारे को है। यहां 4 माह की जो देशना हो रही है उसे अमल करें, अपने जीवन में उतारें। विशुद्ध वर्षा योग समिति के उपाध्यक्ष संजय नायक,पुष्पेंद्र जैन व सह सचिव ललित अजमेरा ने बताया कि आज मंगलाचरण विक्रांत काला जयपुर ने किया।

टीकाकरण कार्य का कलेक्टर शुक्ला ने किया निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

कांकेर। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने कोविड-19 टीकाकरण कार्य का आकस्मिक निरीक्षण किया तथा ग्रामीणों से बातचीत कर 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों को टीकाकरण कराने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने आज नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम अमोड़ा के ग्राम पंचायत भवन में किये जा रहे कोरोना टीकाकरण का निरीक्षण कर ग्रामीणों से बातचीत कर टीकाकरण की जानकारी ली। गांव के सभी पात्र लोगों का टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए ग्राम पंचायत के सरपंच एवं महिला स्व-सहायता समूह के सदस्यों को प्रोत्साहित किया एवं ग्रामीणों को टीकाकरण कराने के लिए समझाईश दी। तहसीलदार एवं जनपद सीईओ को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक गांव के ग्रामीणों की सूची बनाकर अब तक जिनका टीकाकरण नहीं हुआ है, उनका टीकाकरण कराने के लिए निर्देशित किया।

कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने चारामा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत हल्बा के बाजार स्थल स्थित रंगमंच में किये जा रहे टीकाकरण का भी आकस्मिक निरीक्षण किया तथा टीकाकरण की जानकारी ली। निरीक्षण के समय 105 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका था।

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

Y Fitness
start 17500/-
Bajaj Finance Available
• Gym Servicing • Gym Equipment & Accessories Available • Home Treadmill & Gym Service Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

Rajesh Yadav 79870-71513, 97557-11120
Shubh Aqua
The Promise of 100% Pure Water
RO Water Purifier
Free Service RO All Brand
Spare Parts, Wholesale Rate, Sales & Service
KENT RO SALES & SERVICE
Shop No. - 03, Vinoba Nagar, Near, Surya Mall, Junwani Raod, Bhilai

MISCHIEF Men's Store UPTO 70% OFF
Complete Multibrand Store
Mo.-7999112303
mischieforignals
Shop NO. 7A/5, Ekta Tower Dakshin, Gangotri, Supela, Bhilai (C.G.)

राजहंस राजस्थानी थाली
पार्सल सुविधा
स्वाद घर का.....
राजस्थानी पारंपरिक व्यंजनों की स्वाद का आनंद लें
घड़ी चौक के सामने, गौरी लॉज के नीचे, सुपेला, भिलाई
संतोष शर्मा : 9649604367 देवीलाल शर्मा : 9783391314 प्रतीक दवे : 9752525050

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
कवर ही कवर
I-PHone,Samsung, MI, Oppo, Vivo, Nokia, HTC, Blue tooth Charger, Power Bank, Ear Phone, BT. Speakar
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

खास-खबर

फैक्ट्री में पार्टनर बनाने के नाम पर मोटर मैकेनिक से 12 लाख की धोखाधड़ी

रायपुर (ए)। राजधानी के डीडीनगर थाना क्षेत्र में मिक्कर फैक्ट्री में पार्टनर बनाने का झांसा देकर मोटर मैकेनिक से 12 लाख रुपये की धोखाधड़ी की गई। आरोपित ने पैसे वापसी के लिए चेक दिए थे, पैसे नहीं होने से चेक बाउंस हो गया। मोटर मैकेनिक ने मामले की एफआईआर दर्ज कराने के लिए कोर्ट का सहारा लिया। न्यायालय के आदेश पर डीडी नगर थाना में कल्पेश भाई नवीनचंद करेलिया और रीना कल्पेश भाई करेलिया के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। दोनों पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं। डीडीनगर थाने में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार सेंचुरी कालोनी निवासी धीरेंद्र पटनायक से केपड़ावड़ी राजकोट भक्तिनगर गुजरात निवासी कल्पेश भाई करेलिया और रीना करेलिया ने गोगांव रायपुर में सन पूड कंपनी प्राइवेट लिमिटेड का अमृतम मिक्कर के नाम से फैक्ट्री होना बताया। झांसे में लेकर फैक्ट्री का पार्टनर बनाने की बात कही, जिसके नाम पर 12 लाख रुपये ले लिए। पीड़ित धीरेंद्र ने एक सितंबर से 2018 को डेढ़ लाख रुपये, 14 सितंबर 2018 को दो लाख औ आठ अक्टूबर को ढाई लाख रुपये दिए। इसके बाद छह लाख रुपये नकदी रकम दी। उसके बाद भी आरोपितों ने फैक्ट्री में नाम नहीं जोड़ा, जिसके बाद प्रार्थी ने कोर्ट में परिवाद दायर किया। कोर्ट ने एफआईआर करने के निर्देश जारी किए।

तालाब में मिले दादी सहित नाती-नातिन के शव

थाने से 100 मीटर दूर घटना, घर से सुबह मशरूम लेने के लिए निकले थे तीनों

कोरबा (ए)। कोरबा में शुक्रवार सुबह संदिग्ध हालत में वृद्धा और उसके नाती-नातिन के शव थाने से महज 100 मीटर दूर मिले हैं। तीनों के शवों को एक तालाब से बरामद किया गया है। तीनों सुबह करीब 6 बजे घर से मशरूम लेने के लिए निकले थे। इसके बाद उनके शव मिलने की सूचना परिजनों को मिली। फिलहाल ये हत्या है खुदकुशी इसे लेकर मामला अटका हुआ है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामला करतला थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, करतला निवासी बिजेंद्र कंवर की मां सूरज बाई (50) नातिन जानवी (7) और अखिल (5) को लेकर सुबह करीब 6 बजे पुटु (मशरूम) लेने के लिए घर से निकली थी। इसके बाद तीनों काफी देर तक नहीं लौटे। इस बीच पुलिस को सूचना मिली कि थाने से करीब 100 मीटर दूर तालाब में महिला का शव पड़ा हुआ है। इसके बाद पुलिस पहुंची और शव को बाहर निकलवाया। शव की पहचान सूरज बाई (50) के रूप में हुई।

तालाब के बाहर मिली बच्चों की चप्पलें

मां का शव मिलने की सूचना बिजेंद्र को मिली तो वह मौके पर पहुंच गया। वहां दोनों बच्चे नहीं दिखाई दे रहे थे। इस पर उसने पुलिस से बच्चों के बारे में बताया। तालाब के बाहर ही बच्चों की चप्पलें पड़ी हुई थीं। इस पर पुलिस ने गोताखोरों को फिर भेजा और कुछ देर में दोनों बच्चों के शव बाहर निकाल लाए। फिलहाल तीनों के साथ ऐसी क्या घटना हुई कि उनके शव तालाब में मिले हैं, यह किसी को समझ में नहीं आ रहा है।

हादसा और खुदकुशी के एंगल से जांच कर रही पुलिस

फिलहाल पुलिस हादसा और खुदकुशी दोनों एंगल से मामले की जांच कर रही है। हालांकि तालाब के बाहर बच्चों की चप्पल मिलना संदेह जता रहा है। इसके चलते गुत्थी और भी उलझी हुई है। पुलिस को अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। इसके बाद आगे जांच बढ़ेगी। फिलहाल महिला के बेटे बिजेंद्र से पुलिस पूछताछ कर रही है।

गांजा तस्करी करते 6 गिरफ्तार

बोलेरो और बाइक से ले जा रहे थे ड्रग्स, 4 किलो गांजा बरामद

दुर्ग (ए)। मोहन नगर थाना और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने गांजा तस्कर गिरोह को पकड़ने में सफलता पाई है। पुलिस ने 4 किलोग्राम गांजा के साथ 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर किया गया है।

दुर्ग सीएसपी अभिषेक झा ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि पुष्पक नगर झरोखा पैलेस के पास गांजा की बड़े पैमाने पर तस्करी की जा रही है। पुलिस ने वहां अपने मुखबिरों को एक्टिव किया। गुरुवार को सूचना मिली कि एक बोलेरो में गांजा लेकर कुछ लोग पहुंचे हैं।

इस पर मोहन नगर थाने और साइबर सेल की संयुक्त टीम को वहां भेजा। दोनों टीमों ने एक साथ मौके पर दबिश दी तो वहां से बोलेरो को पकड़ा गया। बोलेरो के पास ही एक बाइक सवार खड़ा था। जैसे ही पुलिस ने बोलेरो को पकड़ा बाइक सवार वहां से भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी करके उसे भी पकड़ लिया।

पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम चिकू हियाल बताया। उसने बताया कि वह अपने साथी कुलदीप सिंह, विमल कुमार तांडी, अभय एक्का, विनय चौहान और वाई नागराज के साथ मिलकर बोलेरो और बाइक से गांजा की तस्करी करता है। पुलिस को तलाश में चार किलो गांजा बरामद हुआ।

बिलासपुर में डाला डाका, सूरजपुर में खोला राज

प्लांट कर्मचारियों को बंधक बनाकर ले गए थे कॉपर वायर, 13 बदमाशों को प्रोडक्शन वारंट पर लाए

बिलासपुर (ए)। बिलासपुर में डाका डालने वाले डकैतों ने सूरजपुर में पकड़े जाने के बाद डकैती का राज खोला है। जानकारी मिलने पर पुलिस इस डकैत गिरोह के 13 सदस्यों को सूरजपुर जेल से गिरफ्तार कर प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई है। गिरोह ने पांच माह पहले सीवरेज के ट्रीटमेंट प्लांट में डाका डाला था और कर्मचारियों को बंधक बनाकर ट्रांसफार्मर से हजारों का कॉपर तार सहित अन्य सामान ले गए थे। घटना सरकंडा थाने की है।

पुलिस के अनुसार तोरवा क्षेत्र के ग्राम ढेका में रहने वाला मनोज केंवट सरकंडा क्षेत्र के चिल्हाटी स्थित सीववेज ट्रीटमेंट प्लांट में हेल्पर है। 6 फरवरी को वह अपने सहयोगी कर्मचारी वीरेंद्र भूतिया के साथ रात में ड्यूटी पर था। तभी कुछ लोग प्लांट में पिस्टल लेकर घुस आए। उन्होंने मनोज और वीरेंद्र का मोबाइल लूट लिया और मारपीट कर गार्ड रूम में बंद कर दिया। फिर प्लांट के ट्रांसफार्मर से कापर वॉयर और अन्य सामान निकाल कर भाग गए।

सुबह उनके जाने के बाद घबराए कर्मचारियों ने इस घटना की जानकारी नगर निगम के अधिकारियों को दी। इसके बाद सरकंडा थाने में डकैती की सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची, तब इसे सामान्य चोरी की घटना बताती रही। इसके बाद से पुलिस की टीम बदमाशों की तलाश कर रही थी।

सूरजपुर में पकड़े जाने के बाद खोला राज

सरकंडा टीआई उत्तम साहू ने बताया कि डकैतों ने हाल ही में सूरजपुर जिले में भी इसी तरह की घटना को अंजाम दिया था। जांच के दौरान सूरजपुर पुलिस ने गिरोह के सदस्यों को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान पुलिस ने गिरोह के 13 सदस्यों को गिरफ्तार किया। इस दौरान उन्होंने बिलासपुर में भी डकैती की वारदात को अंजाम देने की जानकारी दी।

डकैतों के पकड़े जाने की जानकारी मिलने के बाद सरकंडा पुलिस की टीम सूरजपुर जेल पहुंची, जहां कोर्ट के आदेश पर सभी आरोपियों को प्रोडक्शन वारंट पर लिया गया। पुलिस उन्हें बिलासपुर लेकर आ गई है। गिरोह के सदस्यों ने पूछताछ में अपराध कबूल किया है।

गिरोह के इन 13 सदस्यों ने डाला था डाका

पुलिस ने जिन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, उनमें कोरबा के कटघोरा के कसनिया निवासी खुदा बक्श (28 साल), कोरबा के कोरबी चौकी के सिरमोना निवासी रामभरोस सारथी (40 साल), रफीक खान (28 साल), कटघोरा के माजिद अली (28 साल), प्यारेलाल (35 साल), कोरिया जिले के झगराखंड के धवलपुर निवासी राजेश कुमार उर्फ पप्पू (23 साल), कटघोरा के राजनेत नारंगी (37साल), कटघेरा के केसरपुर निवासी शिव कुमार विश्वकर्मा (31 साल), कोरबा के जमनीमुडा निवासी पत्थर सिंह (30 साल), कोरबा के सिरमोना निवासी अमर सिंह (22 साल), कटघोरा के कापू निवासी अजीत कुमार पटेल (36 साल), कोरबा के जटगा निवासी रामेश्वर पोर्ते (32साल), कटघोरा के कैसलपुर निवासी कलसा यादव (22 साल) शामिल हैं।

रायपुर पहुंचने से पहले शिक्षक नेता गिरफ्तार

दुर्ग में सहायक शिक्षक फेडरेशन के नेताओं को घर से उठाया

भिलाई। छत्तीसगढ़ में शिक्षकों के प्रदर्शन से पहले ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। वेतन विसंगति को लेकर छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन शुक्रवार को विधानसभा का घेराव करने जा रहा था। इससे पहले कि प्रदेश के जिलों से निकल कर टीचर राजधानी रायपुर पहुंच पाते, पुलिस उनके घर पहुंच गई। दुर्ग में जहां शिक्षक नेताओं को पकड़ा गया। गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में 50 टीचरों को गिरफ्तार किया गया है। दुर्ग जिले में भिलाई-3 पुलिस ने शुक्रवार सुबह संघ के प्रदेश सचिव शुखनंदन यादव को चरोदा और जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार वर्मा भिलाई तीन स्थित उनके घर से गिरफ्तार किया है। इसी तरह पाटन ब्लाक अध्यक्ष विनोद देवांगन, पाटन ब्लाक से मोहन यादव, दुर्ग ब्लॉक अध्यक्ष युवराज बेलचंदन और धमधा ब्लाक अध्यक्ष उत्तम ठाकुर को उनके घर से गिरफ्तार किया गया है। इसके बाद फेडरेशन के पदाधिकारी सिरसा गेट में पुलिस कार्रवाई का विरोध करेंगे।

जीपीएम जिले के शिक्षक वादा निभाओ रैली और विधानसभा का घेराव के लिए रायपुर जाने निकले। ये शिक्षक पेंड्रा रोड रेलवे स्टेशन पहुंच गए थे। वहीं से पुलिस ने सभी टीचरों को गिरफ्तार कर लिया।

बिलासपुर के पचपेड़ी से सगी बहनें गायब, तलाश में जुटी पुलिस

बिलासपुर (ए)। पचपेड़ी क्षेत्र के आमगांव सकेत से चार और दो साल की सगी बहनें लापता हो गई हैं। इसकी जानकारी होते ही गांव में हड़कंप मच गया। पुलिस और गांव के लोग दोनों मासूम की तलाश कर रहे हैं। इसके अलावा आसपास के गांव में भी इसकी जानकारी देकर बच्चियों की तलाश की जा रही है। देर शाम तक दोनों बच्चियों का पता नहीं चल पाया है।

पचपेड़ी क्षेत्र के आमगांव सकेत में रहने वाले गौतम निषाद की दो बेटियां हैं। बड़ी बेटी आरवी निषाद पांच साल की है। वहीं, छोटी बेटी अनिका महज दो साल की है। गुरुवार की रात दोनों घर में ही थीं। रात में उनकी मां कहीं गई थी। इसके बाद वह अकेली लौटी है। इसके बाद दोनों का कुछ पता नहीं चला। दोनों के घर में नहीं मिलने पर स्वजन उसकी तलाश में जुट गए। गांव में दोनों मासूम के नहीं मिलने पर इसकी जानकारी डायल 112 को दी गई।

एक साथ दो मासूम के लापता होने पर पचपेड़ी थाना प्रभारी मोहन भारद्वाज और उनकी टीम गांव पहुंच गई।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लो.नि.वि. (भ/स) संभाग, बेमेतरा

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक- 4002/NIT-18/ 2022-2023/ व ले लि — दिनांक : 19/07/2022

छत्तीसगढ़ राज्य में बेरोजगार युवकों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किये गये "ई" श्रेणी पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र AE में प्रकाशित दर पर ब्लॉक स्तर पर निविदा प्रथम आमंत्रण में आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथिः- 29/07/2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक

ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथिः- 05/08/2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि :08/08/2022 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

एनआईटी क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम/ NoOfCalls	कार्य की अनुमानित लागत (लाख मे) अमानत राशि(रू.मे)
1	2	3
18 T0106	ग्राम घोघरा में खोरबाहरा साहू के घर से मिडिल स्कूल तक पहुँच मार्ग लं. 240 मीटर	19.24 15000.00
18 T0107	ग्राम बरबसपुर में सुशील मेहर के घर से पंचायत भवन सी.सी. रोड निर्माण कार्य लं. 245 मी	19.62 15000.00
18 T0108	ग्राम झाल में मेन रोड ठाकुर देव से हाई स्कूल सी.सी. पहुँच मार्ग लं. 250 मी	20.00 15000.00
18 T0109	कर्म मंदिर से रामचंद के घर होते हुए हाई स्कूल मुरता तक सी.सी. पहुँच मार्ग लं. 240 मीटर	19.24 15000.00
18 T0110	ग्राम पेंड्री मुख्य मार्ग से शिवचरण के घर तक सी.सी. पहुँच मार्ग लं. 250 मी	20.00 15000.00
18 T0111	मुख्य मार्ग से उपस्वास्थ्य केंद्र चक्रवाय तक पहुँच मार्ग लं. 250 मीटर	20.00 15000.00
18 T0112	मुख्य मार्ग से उपस्वास्थ्य केंद्र झाल तक पहुँच मार्ग लं. 255 मीटर	19.97 15000.00

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

जी-93168/3

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. (भ/स) संभाग, बेमेतरा

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग (वि./यां.) संभाग दुर्ग

// निविदा आमंत्रण सूचना //

ज्ञाप क्रमांक - 5570/ नि.प्र.क्र.-07 / लो.नि.वि. / 2022-23 — दुर्ग, दिनांक 19.07.2022

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य का विद्युतीकरण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 01.08.2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 10.08.2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 12.08.2022 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि में अवकाश हो या अधोहस्ताक्षरकर्ता शासकीय दौरे पर हो तो निविदा आगामी कार्य दिवस में खोली जावेगी।

स. क्र./ निविदा क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू. लाख में)
1	2	3
(1) T0123	11KV/33KV work at Chirpoti Gauthan To Sirsida RUB Road, Distt. Durg. (2nd Call)	14.51 Lacs
(2) T0124	Pole DP & Transformer Work at Sirsakala to Devbaloda to Aouri Road, Distt. Durg. (2nd Call)	10.64 Lacs
(3) T0125	33KV/11KV/LT & Elecrification Work under Block Mohla & Manpur, Distt. Rajnandgaon	19.40 Lacs
(4) T0126	11KV/33KV work at Kumahli to Gabdi Road, Distt. Durg (2nd Call)	2.06 Lacs
(5) T0128	Maintenance of Air Conditioners under District Balod	3.00 Lacs
(6) T0129	11KV/LT Line work at Abhudaya Sansthan upto village Acchoti, Distt. Durg.	14.41 Lacs
(7) T0130	11 KV/33KV work at Akola to Malpurikala Road, Distt. Durg.	3.94 Lacs
(8) T0131	Maintenance of Air Conditioners under District Rajnandgaon	4.00 Lacs
(9) T0132	11KV/33KV work at Uraidabari to Gumanpur District Rajnandgaon.	4.56 Lacs
(10) T0133	11KV/33KV work at Charbhata to Aalhanawagaon Road, Distt. Rajnandgaon	0.50 Lacs
(11) T0134	Maintenance of Air Conditioners under District Bemetara	3.00 Lacs
(12) T0135	33KV/11KV/LT & Electrification work under Bhilai-3 & Dhamdha and patan, Distt. Durg.	18.75 Lacs
(13) T0136	33KV/11KV/LT & Electrification work under Distt. Kabirdham	19.20 Lacs
(14) T0137	33KV/11KV/LT & Electrification work under Civil Division Rajnandgaon.	19.85 Lacs
(15) T0138	33KV/11KV/LT & Electrification work under Block Dondi & Gurur Distt. Balod	18.90 Lacs
(16) T0139	33KV/11KV/LT & Electrification work under Civil Division, Balod.	19.65 Lacs

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। निविदा संबंधी अन्य शर्तें का अवलोकन संभागीय कार्यालय में किया जा सकता है।
टीप: (1) The Tender forms will be issued only to the contractors having "A" Class valid license from chief electrical Inspector of C.G. Govt. and unified Registration system of C.G. Govt.
(2) आबंटन प्राप्त होने पर ही देयक का भुगतान किया जायेगा।

जी-93142/5

कार्यपालन अभियंता,
लोक निर्माण विभाग (वि./यां.)
संभाग दुर्ग

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

summer offer
on gogles flat 20% off
फ्री होम डिलेवरी
(निःशुल्क कम्प्यूटराईज नेत्र जांच)
BROTERS OPTICALS
You see We care
Pratap Singh, Mo. - 9589876064, 9589666143
Infront of Shubham Medical, Krishna Talkies Road, Risali, Bhilai, Email : brothersopticals1@gmail.com

Authorised For : SOMANY Wall & Floor Tiles
JOHNSON Not just tiles, Lifestyles.
orientbell tiles
All Size of Tiles, Granite and Sanitaries
SHRI BALAJI TILES
Krishna Talkies Road, SBI Building, Opp. Church, Risali, Bhilai-490006
Distt.-Durg (C.G.), Mo.-9518326808
E-mail:- balajitilescg@gmail.com

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

खास - खबर

निगम आयुक्त ने कुरुद स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड का किया निरीक्षण

भिलाई । नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने आज कुरूद के पूर्व ट्रेंचिंग ग्राउंड का निरीक्षण किया। उन्होंने एक बड़े भूभाग के बेहतर उपयोग के लिए किस प्रकार की प्लानिंग की जा सकती है इसकी कार्य योजना तैयार करने के निर्देश जोन कमिश्नर को दिए। उल्लेखनीय है कि लगभग 15 से 16 एकड़ में कुरूद में ट्रेंचिंग ग्राउंड निर्मित हो गया था, तब की स्थिति में एसएलआरएम सेंटर भिलाई में पूर्ण रूप से विकसित नहीं हुआ था। कुरूद के ट्रेंचिंग ग्राउंड में कचरे का ढेर हुआ करता था। कचरे के पहाड़ का ढेर को समाप्त करने के लिए बायोरेमेडीएशन का सहारा लिया गया। धीरे-धीरे कर बायोरेमेडीएशन से कचरे का पूर्ण रूप से सफाया कर खाद के रूप में तब्दील किया गया। इसके बाद से यह स्थल जो कभी जाने लायक नहीं हुआ करता था वह स्थल अब स्वच्छ स्थल बन चुका है। इस स्थल पर निगम की योजनाओं के विशेष कार्यों को संपादन करने के लिए किया जा सकता है। आयुक्त ने वर्तमान में आवारा पशु को रखने के लिए प्राइमरी प्लानिंग पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि एक बड़े भूखंड का उपयोग निगम के विभिन्न प्रयोजनों के लिए किया जा सकता है, इसकी कार्य योजना तैयार कर प्रस्तुत करने उन्होंने कहा।

समझाइस के बाद भी कब्जा न हटाने पर निगम की कड़ी कार्यवाही

दुर्ग। नगर निगम मार्केट व अन्य मुख्य मार्गो को व्यवस्थित करने के लिए तथा सडक को सुगम बनाने और ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार लाने के लिए एवं नागरिको की मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा के आदेश व आयुक्त प्रकाश सर्वे के निर्देश पर गुरुवार सुबह से ही इंदिरा मार्केट, महिला समृद्धि बाजार, सिकोला भाठा सहित अन्य सब्जी बाजार में निगम के बाजार विभाग व अतिक्रमण विभाग के नेतृत्व मे सब्जी पसरा लगाने वाले जो अतिक्रमण किया था उसको हटवाने की कार्रवाई की गई। उनके द्वारा लगाया गए टेबल, जाली, अवैध निर्माण को हटाया गया। ज्ञात हो कि गत दिनों भारी बारिश के चलते अतिक्रमणकारी सब्जी पसरा वालो द्वारा नाली को पूर्ण रूप से पाट दिया गया, जिससे मार्केट में जलभराव की स्थिति निर्मित हो गई थी तथा आने वाले ग्राहकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

गृहमंत्री ने अपने गृहग्राम पाऊवारा में विकास कार्यों का किया लोकार्पण व भूमिपूजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के अंतर्गत ग्राम पाऊवारा में क्षेत्रीय विधायक व प्रदेश के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने अपने गृहग्राम पाऊवारा में लगभग 82 लाख से अधिक राशि से विभिन्न विकास कार्यों का हुआ लोकार्पण व भूमिपूजन किया गया जिसमें ग्राम में कम्युनिटी हॉल राशि 20 लाख, नवीन भवन निर्माण कार्य 13 लाख, सतनाम भवन मंच निर्माण कार्य 15 लाख, रामदरबार भवन मंच निर्माण बाजार चौक 19.99 लाख, बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य पुराना पंचायत भवन राशि 5 लाख की राशि से भूमिपूजन किया गया साथ ही आंगनबाड़ी भवन निर्माण केंद्र क्रमांक 02 में लागत राशि 6 लाख 40 हजार, शिव मंदिर निर्माण कार्य का लोकार्पण 3 लाख की राशि से लोकार्पण किया गया।

उन्होंने गांव में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। गांव में शिव मंदिर,लक्ष्मी मन्दिर का पूजा अर्चना किया और अन्य मूलभूत सुविधाओं के बारे में सरपंच और जनपद सदस्य से जानकारी ली। अपने गृहग्राम पाऊवारा पहुंचे गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने गांव के लोगों से हालचाल भी पूछा।

इसके साथ ही गांव में चल रहे उन कार्यों के बारे में जानकारी ली, इस अवसर पर श्री साहू ने कहा कि हमारी सरकार प्राथमिकता के साथ ग्रामीणों के मूलभूत आवश्यक्ताओं को पूरा करने का सफल प्रयास कर रही है जिससे गाँव में बसे लोगों का विकास संभव हो सके हमारी सरकार ने स्वास्थ्य, शिक्षा और सड़क पर अपना फोकस रखा जिसके कारण प्रदेश सहित दुर्गग्रामीण विधानसभा के सभी ग्रामों में सड़क निर्माण कार्य जारी है । कुछ सड़क बनकर तैयार हो गया है जिससे आवागमन में सुविधा होगी।

आगे कहा कि गांवों की हर बुनियादी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए कार्य किए जा रहे हैं। आप सभी के समस्याओं से अवगत होकर उसका निदान करने के लिए मैं तत्पर हूं। उन्होंने कहा कि गांव में बिजली, पानी, सड़क की समस्या का निदान करना मेरी पहली प्राथमिकता है। इस मौके पर सरपंच वामन साहू ने मंत्री ताम्रध्वज साहू का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज ग्राम में जो विकास कार्य हुआ है जिसका पूरा श्रेय गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू को जाता है ।

उन्होंने ग्राम विकास के लिये विकास कार्यो का आवेदन भी सौंपा । इस मौके पर जनपद कृषि सभापति राकेश हिरवानी, सरपँच ग्राम पंचायत पाऊवारा वामन साहू, उपसरपंच दीपक यादव, दुर्योधन सिंह, बी आर साहू, राम लाल साहू, बिसेलाल साहू, केदारनाथ पटेल, तिहारू राम ,मोहन लाल साहू,शिव कुमार साहू,गजाधर साहू,सन्तोष देशमुख, गज्जू सिंह हिरवानी, अरुण साहू, प्रदीप साहू, लखन साहू, जंगल राम साहू, शंकर लाल साहू,पिलालाल साहू,उदे राम कौशिक, प्रतिमा देशमुख, विवेक साहू, राजेन्द्र साहू, अशोक ढीमर,सत्य भामा, कुशमा साहू, सोमिन मेहर, मीणा यादव, पार्वती निषाद, तारा साहू, लुकेश्वरी यादव, खुमान कौशिक, ज्ञानेश्वरी, प्रीतम साहू,भारती देशमुख सहित ग्रामीण जन बड़ी संख्या में मौजूद थे।

लोगों की मांग पर विधायक देवेन्द्र ने की थी बनवाने की घोषणा

सुभाष नगर में दुर्गोत्सव से पहले तैयार हो जाएगा डोम शेड

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। नगर पालिक निगम के जोन 4 शिवाजी नगर अंतर्गत वार्ड 39 सुभाष नगर के लोग अब धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम के लिए टेंट पर ही निर्भर नहीं रहेंगे। इसके लिए निगम प्रशासन ने भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव की घोषणा के अनुसार शासकीय स्कूल के सामने की खाली जगह पर डोम शेड बनवाने का निर्णय लिया है। शेड निर्माण भी शुरू करवा दिया है, जो इस साल के दुर्गोत्सव से पहले तैयार हो जाएगा। शेड बन जाने के बाद वार्ड के लोग 12 महीने कार्यक्रम का आयोजन कर सकेंगे।

10 लाख की लागत से बनेगा शेड

वार्ड भ्रमण के दौरान लोगों ने विधायक देवेन्द्र यादव से दुर्गा मंच के पास डोम शेड बनवाने की मांग की थी। इसके लिए विधायक यादव ने अपनी निधि से 10 लाख रुपए की अनुशंसा की है। महापौर नीरज पाल के निर्देशानुसार निगम प्रशासन ने विधायक और लोगों की मांग के अनुसार शासकीय स्कूल के सामने मैदान पर डोम शेड बनवाने का कार्य शुरू करवा दिया है।

टेंट में खर्च हो जाता था 20 से 22 हजार

एमआईसी सदस्य व वार्ड पार्षद रीता सिंह गेरा का कहना है कि गणेश पूजा और नवरात्रि में आयोजक समिति की बड़ी राशि टेंट की व्यवस्था में ही खर्च हो जाती है।अब डोम शेड के बन जाने के बाद टेंट के किराए की राशि की बचत होगी।

चिरायु मेडिकल कैंप में 6 बच्चे सर्जरी के लिए चिन्हांकित

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। दिल की बीमारी एवं अन्य रोगों की स्क्रीनिंग के लिए लगे एक शिविर में 6 बच्चों को सर्जरी के लिए चिन्हांकित किया गया है। जिला चिकित्सालय परिसर स्थित जिला बाल रोग निदान केंद्र में लगे इस शिविर में चिरायु दल द्वारा चिन्हांकित दिल की बीमारी के 16 बच्चों और पोषण पुनर्वास केंद्र पाटन व दुर्ग के 14 बच्चों की ईको जांच की गई। जांच के पश्चात 6 बच्चों को सर्जरी के लिए रेफर किया गया है।

स्वास्थ्य विभाग के तत्वाधान में जिला चिकित्सालय परिसर स्थित बाल रोग निदान केंद्र में चिरायु योजना के अंतर्गत बीमारियों की शीघ्र पहचान व हस्तक्षेप के साथ ही शीघ्रता से उपचार का भी प्रयास किया जाता है। यहां बच्चों के विकास को सबसे पहले प्राथमिकता दी जाती है। इस डीईआईसी केंद्र में जन्म से लेकर 18 साल तक के रोगग्रस्त बच्चों के उपचार एवं थैरेपी की सुविधा उपलब्ध है। यहां शिशु रोग विशेषज्ञ, भौतिक चिकित्सा (फिजियोथैरेपी), दंत चिकित्सा, विशेष शिक्षा, वॉक चिकित्सा (स्पीच थैरेपी) एवं श्रवण क्षमता जांच सहित अभिभावको एवं उनके परिवार जनों को प्रशिक्षण एवं परामर्श दिया जाता है। बच्चों की स्वास्थ्य सुरक्षा को प्राथमिकता में रखकर जिला बाल रोग निदान केंद्र में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेपी मेश्राम के मार्गदर्शन में दिल की बीमारी एवं अन्य रोगों की स्क्रीनिंग के लिए जिला स्तरीय शिविर लगाया गया। शिविर में अपने बच्चे वासु सोनी (बदला हुआ नाम) की जांच कराने के लिए पहुंचे पिता ने बताया: इस शिविर से हमारे परिवार को मानसिक तौर पर काफी राहत मिली है।

शासन की एनजीजीबी महत्वकांक्षी योजना इसे मूर्त रूप देने में होगी सहायक

20 प्रतिशत की दर से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में होगा विकास

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। भविष्य की आकस्मिकताओं का पूर्वाभास कर, जनहित के उद्देश्य को पूरा करने के लिए छत्तीसगढ़ शासन ने एनजीजीबी योजना के तहत ग्रामीण अर्थव्यवस्था को विकसित करने के लिए एक ऐसा इकोसिस्टम बनाया है जिससे कि ग्रामीण व्यवस्था की विकास दर को 20 प्रतिशत तक बढ़ाया जा सके, ऐसा मुख्यमंत्री के कृषि सलाहकार प्रदीप शर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा। आज जिले में चल रही आजीविका गतिविधियों, गौठान में हो रहे कार्य और नरवा की स्थिति का जायजा लेने के लिए कृषि सलाहकार प्रदीप शर्मा और उनके साथ पूर्व मुख्य सचिव अजय सिंह व भारतीय वन सेवा के पूर्व अधिकारी केएस सुब्रमण्यम पहुंचे थे।

इंडस्ट्री के साथ टाईअप कर समूह को किया जाएगा और सशक्त

सबसे पहले कृषि सलाहकार के साथ आई टीम ने सांकरा में स्थापित अजीविका केंद्र का निरीक्षण किया जहां उन्होंने वहां के संगठन की दीदियों द्वारा चल रहा है कार्य की गतिविधियों के बारे में जानकारी ली और उनके द्वारा निर्मित उत्पाद अष्टगंध, हर्बल गुलाल, शुद्ध आम की लकड़ी की हवन समिधा, प्राकृतिक जड़ी बुड़ी से निर्मित दशांग धुप, माता रानी की चुनरी इत्यादि के सेंपल देखे।

इस अवसर पर प्रदीप शर्मा ने जिला पंचायत सीईओ अश्वनी देवांगन से संगठन में कार्यरत दीदिओं की संख्या को बढ़ाने और इन आजीविका मुल्क गतिविधियों में युवाओं को भी साथ लाने की बात कही। उन्होंने कहा आज इंडस्ट्री का ध्यान उसकी सेल की ओर ज्यादा केंद्रित रहता है और उन्हें कार्य के लिए अधिक से अधिक हाथों की आवश्यकता होती है। ऐसे हम हमारे ग्रामीण प्रवेश की दीदियों को और युवाओं को प्रशिक्षण देकर और इंडस्ट्री के साथ टाईअप कर उन्हें रोजगार मुहैया करा सकते हैं, इस तरह ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सशक्तीकरण की ओर शासन की एक और पहल जनहित में होगी। इसके लिए सांकरा में आने वाले भविष्य में प्रशिक्षण सेटअप भी तैयार किया जाएगा। जिसमें सैकड़ों दीदियां व युवक प्रशिक्षण प्राप्त कर जीवन निर्वाह के लिए अपने आप को तैयार करेंगे। पतोरा के आजीविका केंद्र में बनने वाले गौधन अर्क, तुलसी अर्क और गुलाब अर्क को जीएमपी सर्टिफिकेशन के लिए लैब भेजा जाएगा, ताकि इसे ओपन मार्केट में बेचा जा सके। इस अवसर पर प्रदीप शर्मा ने निरीक्षण में अर्क का शोधन करने वाले लैब में अग्निशमक रखने का निर्देश उपस्थित संबंधित अधिकारी को दिया ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। इसके अलावा रायपुर टीम द्वारा केन्द्र में संचालित बोरी सिलाई केन्द्र का निरीक्षण भी किया गया, जिसकी सभी ने तारीफ की। इसके अलावा रायपुर से आई टीम ने पाटन के महुदा गौठान जहां उन्होंने गौठान के अध्यक्ष, स्व सहायता समूह की दीदियों और चारवाहों के साथ चर्चा की।

गार्डन के लिए आरक्षित भूमि पर किया अतिक्रमण, निगम की टीम ने किया बेदखल

श्रीकंचनपथ न्यूज

अतिक्रमण और अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध लगातार हो रही कार्यवाही

भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत अवैध कब्जा करने वालों पर नजर रखते हुए उनके विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है, जोन 01 नेहरूनगर क्षेत्र में निगम के राजस्व विभाग की टीम ने वीरा बाड़ी के पास और कोहका हाउसिंग बोर्ड के पीछे अवैध कब्जा करने वालों पर शिकंजा कसने बेदखली की कार्रवाई किए। इंद्रावती नगर में अवैध निर्माण कर गार्डन को कब्जा करने की नियत से बाउंड्रीवाल बनाकर कब्जा कर लिए थे जिसे जेसीबी से तोड़कर भूमि को रिक्त कराया गया। निगम क्षेत्र में अतिक्रमण, अवैध निर्माण करने वालों पर शिकंजा कसने निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने अधिकारी/कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि जो ऐसे अनाधिकृत कार्य करते है उन पर उन पर कड़ी कार्यवाही करे। निगम क्षेत्र में अवैध कब्जा और अतिक्रमण करने की शिकायत मिलने पर निगम प्रशासन मामले को गंभीरता से लेकर राजस्व विभाग द्वारा कार्यवाही की जाती है ताकि ऐसे अनाधिकृत कार्य करने वालो को रोका जा सके। जोन 01 के जोन आयुक्त मनीष गायकवाड़ ने बताया कि अतिक्रमण और अवैध प्लाटिंग करने शिकायत वाले दो स्थानों पर कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि गार्डन के लिए आरक्षित भूमि पर बांउडीवाल को तोड़ दिया गया। उल्लेखनीय है कि इंद्रावती नगर वीरा बाड़ी के पास गार्डन हेतु सुरक्षित भूमि पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से बाउण्ड्रीवाल निर्माण कर लिया था जिसकी शिकायत प्राप्त हुई थी, इसके बाद जोन के राजस्व विभाग की टीम जेसीबी के साथ मौके पर पहुंची।

ग्रामीण क्षेत्रों में लगाये जाएंगे राजस्व शिविर, लंबित राजस्व प्रकरणों के निपटारे के लिए रोज होगी सुनवाई

लोगों की बुनियादी समस्याओं को हल करने की दिशा में प्राथमिकता से करें कार्य-संभागायुक्त

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। सबसे पहली प्राथमिकता लोगों की बुनियादी समस्याएं हल करने की हैं। इसके लिए लोगों को कार्यालयों तक न आना पड़े, आपका अमला उन तक पहुंचे और समस्याओं के निराकरण की प्रभावी कार्रवाई हो। दुर्ग संभाग के कलेक्टरों को यह निर्देश संभागायुक्त श्री महादेव कावरे ने दिये। श्री कावरे ने कहा कि मुख्यमंत्री महोदय के स्पष्ट निर्देश हैं कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण में लोगों को कम समय में उपयोगितापूर्ण सुविधाएं मिल सकें।

इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित रूप से शिविर लगाए जाएं। दो वर्ष से अधिक समय के प्रकरणों को हर दिन सुनवाई कर निराकृत किया जाए। जिन प्रकरणों में विलंब हुआ है उसके कारण भी लिखे जाए ताकि लापरवाही होने पर संबंधित पर कार्रवाई की जा सके। रेवेन्यू कोर्ट के आदेशों के तय समयसीमा में अनुपालन सुनिश्चित करें। संभागायुक्त ने लोक सेवा गांरटी के प्रकरणों को भी समय पर हल करने कहा। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्या सुनने के लिए फील्ड विजिट ज्यादा से ज्यादा करें। बैठक में दुर्ग कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा, राजनांदगांव कलेक्टर डोमन सिंह, कवर्धा कलेक्टर जनमेजय महोबे, बालोद कलेक्टर गौरव सिंह, बेमेतरा कलेक्टर जितेंद्र शुक्ला, ओएसडी मोहला मानपुर एस जयवर्धन, खैरागढ़ ओएसडी जगदीश सोनकर मौजूद रहे। संभागायुक्त कार्यालय से उपायुक्त विकास अजय मिश्रा एवं उपायुक्त राजस्व अवधराम टंडन भी बैठक में उपस्थित रहे। इसके साथ ही जिला पंचायत दुर्ग सीईओ अश्विनी देवांगन, राजनांदगांव सीईओ गजेंद्र ठाकुर, कवर्धा सीईओ संदीप अग्रवाल, बालोद सीईओ डा. रेणुका श्रीवास्तव, बेमेतरा सीईओ श्रीमती लीना कमलेश मंडावी मौजूद रहे।

संभागायुक्त ने खाद की स्थिति के बारे में पूछा। उन्होंने कहा कि डीएपी की कमी की स्थिति में इसके वैकल्पिक खाद के उपयोग के संबंध में किसानों को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि कृषि अधिकारी और उनका अमला खेती किसानी के समय में निरंतर किसानों से मिलकर शासन स्तर से आ रही सूचनाओं से उन्हें अद्यतन करें। साथ ही फसल बीमा से संबंधित जिन किसानों की समस्याएं आई हैं उन्हें प्राथमिकता से निराकृत करें।

उन्होंने धान के बदले अन्य फसल लेने के लिए भी किसानों को प्रेरित करने के संबंध में की गई कार्रवाई के बारे में जानकारी ली। संभागायुक्त ने कहा कि गिरदावरी का कार्य बेहद महत्वपूर्ण होता है। इसे करने के दौरान विशेष सावधानी रखें और मार्गदर्शन के मुताबिक नियमानुसार कार्रवाई की जाए। संभागायुक्त ने धान के बदले अन्य फसल योजना की धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950